
बसंती रंगों वाली ड्रेसेज 4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, बुधवार, 29.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 276 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## जसप्रीत बुमराह आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने



जनमार्ग न्यूज

**मुम्बई।** जसप्रीत बुमराह ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड जीत लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक को अवॉर्ड की रेस में पीछे छोड़ा। ये सम्मान पाने वाले बुमराह पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। मंगलवार शाम आईसीसी ने अवॉर्ड की घोषणा की। बुमराह ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी जीता था। 5 साल बाद किसी भारतीय को प्लर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड मिला। 2018 में आखिरी बार विराट कोहली ने इसे जीता था। विमेंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमीलिया केर ने जीता। उन्होंने पिछले साल टीम की विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# बीजेपी ने 7 और जिलाध्यक्ष बनाए, प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव 5 फरवरी तक

» अब तक 23 जिलों में हुआ जिलाध्यक्ष का निर्वाचन



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** बीजेपी ने मंगलवार को 7 जिलों में जिलाध्यक्षों का निर्वाचन किया। सभी जगह निर्विरोध तरीके से जिलाध्यक्ष चुने गए। अब तक बीजेपी में 23 जिलाध्यक्षों का निर्वाचन हो चुका है। संगठनात्मक दृष्टि से बीजेपी में 44 जिले हैं। अब बीजेपी को अगले तीन दिन में 21 जिलाध्यक्षों का निर्वाचन करना है। मंगलवार को चूरू, सीकर, पाली, जालोर, जैसलमेर, राजसमंद और बांसवाड़ा में जिलाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। संगठन चुनावों में फिलहाल बीजेपी तय कार्यक्रम से एक महीने पीछे चल रही है। बीजेपी को 30 दिसंबर 2024 तक जिलाध्यक्ष के नामों की घोषणा करनी थी। इसके बाद 15 जनवरी तक प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन होना था। अब बीजेपी ने 31 जनवरी तक जिलाध्यक्ष और 5 फरवरी तक प्रदेशाध्यक्ष का निर्वाचन करना तय किया है। जैसलमेर जिलाध्यक्ष चुने गए दलपत हिंगड़ा ने बताया कि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ये पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता से जिलाध्यक्ष बने हैं, इसलिए जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी मेहनत के साथ निभाएंगे और पार्टी के मूल्यों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। राजसमंद जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा- संगठन ने जो नई जिम्मेदारी सौंपी है, उसको सभी के सहयोग से पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। पार्टी को सशक्त और मजबूत बनाएंगे।

## सूर्य सप्तमी पर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में राजस्थान सरकार

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार सूर्य सप्तमी के मौके पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि इस बार 3 फरवरी के दिन सूर्य सप्तमी से पहले 4 फरवरी को सरकारी अवकाश है। ऐसे में राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के सभी स्टूडेंट्स, शिक्षक और अभिभावक भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान पिछले साल 78,974 स्कूलों में 1.33 करोड़ स्टूडेंट्स द्वारा सूर्य नमस्कार कर बनाए गए वर्ल्ड रिकॉर्ड को ब्रेक करने की कोशिश की जाएगी। दरअसल, मंगलवार को शिक्षा संकुल में सूर्य सप्तमी की तैयारियों को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा- सूर्य नमस्कार हमारी भारतीय परंपरा से जुड़ा एक अहम हिस्सा है। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है। बल्कि मन-मस्तिष्क भी शांत रहता है। मैं सूर्य नमस्कार का एक बार फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए आमजन को भी आयोजन का हिस्सा बनाने की अपील करता हूं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी राजकीय और गैर राजकीय शिक्षा संस्थानों में एक साथ एक समय पर सूर्य नमस्कार का आयोजन 3 फरवरी, 2025 को सुबह सवा दस बजे किया जाएगा।

## महाकुंभ में रिकॉर्ड 4.64 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे




जनमार्ग न्यूज

**प्रयागराज।** महाकुंभ में शाम होते-होते भीड़ तेजी से बढ़ती जा रही है। हर तरफ सिर्फ सिर ही सिर दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज की सड़कों से लेकर गलियां तक फुल हैं। भीड़ संभालने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है। लेकिन, आने वाली भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ दे रही है। ऐसा ही शास्त्री ब्रिज पर देखने को मिला। यहां भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और पुल से डायरेक्ट नीचे उतरकर मेले के अंदर चले गए। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी पैर रखने तक की जगह नहीं है। सिर्फ 2 घंटे में (शाम 4 से 6 बजे के बीच) 70 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई है। वहीं, महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। आज प्रयागराज की आबादी साढ़े 4 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। मंगलवार को अभी तक 4.64 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 5.34 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है।

## श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में 5 भारतीय मछुआरे घायल



जनमार्ग न्यूज

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नेवी ने मंगलवार सुबह 13 भारतीय मछुआरों पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 मछुआरे घायल हो गए। ये सभी डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ने गए थे। यह द्वीप श्रीलंका के अधिकार में है। इन मछुआरों का श्रीलंका के जाफना टीचिंग हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है। भारत सरकार ने फायरिंग को गंभीर मानते हुए श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है।

## सिरसा में राम रहीम को लेकर पहुंची हनीप्रीत

जनमार्ग न्यूज

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह के सिरसा आगमन की डेरा प्रेमियों को मामूली सी भी भनक नहीं रही। जैसे ही डेरा प्रमुख हनीप्रीत के साथ सिरसा डेरे में पहुंची तो मीडिया के माध्यम से डेरा प्रेमियों को सूचना मिली। हनीप्रीत दो गाड़ियों के साथ डेरा प्रमुख को लेने सुनारिया जेल पहुंची थी। डेरा प्रमुख सिरसा आने के बाद अपने घर (तेरा वास) में ठहरे है। कयास हैं कि बागपत में पैरोल काटने के दौरान की तरह ही सिरसा से भी डेरा प्रमुख के ऑनलाइन सत्संग की व्यवस्था डेरा प्रेमियों को मिल सकती है। हर डेरा प्रेमी डेरा प्रमुख से मिलने के लिए उतावला होने लगा। मगर मैनेजमेंट की ओर से ब्लॉक कमेटियों के माध्यम से संदेश पहुंचाया गया कि जब तक आदेश न मिले, तब तक न तो कोई खुशी का बड़ा जश्न मनाना है और न ही डेरा की संगत को डेरे में आना है।

## जयपुर में कांग्रेस-बीजेपी पार्षदों के बीच हाथापाई

- नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में भिड़े
- एक-दूसरे पर गाली देने का आरोप लगाया



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम की बैठक में मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच जमकर हाथापाई हो गई। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक-दूसरे के ऊपर अमर्यादित भाषा का उपयोग करने और गाली देने का आरोप लगाया है। दरअसल, मंगलवार को जयपुर नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा की बैठक चल रही थी। इस दौरान कांग्रेस के पार्षद राजेश गुर्जर एक प्रस्ताव पर अपनी बात रख रहे थे। तभी बीजेपी के पार्षद ने बीच में खड़े होकर कुछ कहा। इस दौरान दोनों के बीच जबरदस्त बहस हो गई और कांग्रेस और बीजेपी पार्षद वेल में आकर हाथापाई करने लगे। इसके बाद मेयर ने सभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। वहीं, आज बैठक में आधे पार्षद भी नहीं पहुंचे। 150 पार्षदों के सदन में मेयर सहित 81 पार्षद मौजूद रहे। उप महापौर पुनीत कर्णावट के अलावा कई समितियों के चेयरमैन भी नहीं पहुंचे। कांग्रेस के 20 और बीजेपी के 50 पार्षद सदन में आए थे। आज बैठक में मुख्य एजेंडा वर्किंग कमेटियों को भंग करने से जुड़ा था। मेयर की तरफ से लाए गए इस प्रस्ताव का उद्देश्य सरकार और संगठन पर दबाव बनाना है। इस एजेंडे का भाजपा का एक धड़ा लगातार विरोध कर रहा है। संगठन तक भी अपनी बात पहुंचा चुका है। उसके बावजूद प्रेशर पॉलिटिक्स करते हुए इस एजेंडे को बैठक में शामिल किया गया था, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हो सकी।

## वनपाल एवं वनरक्षक 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने आज वन विभाग के दो कर्मचारियों को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरा ने बताया कि जयपुर में वन विभाग की चक नाका चिमनपुरा रेंज नाहरगढ़ अभयारण्य में वनपाल रतिपालसिंह और वनरक्षक ओमप्रकाश मिठारवाल को 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एसीबी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन विंग) जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि वन विभाग के उक्त दो कर्मचारियों द्वारा परिवादी की दो दुकानों के निमार्ण कार्य में रूकावट नहीं डालने की एवज में 10 हजार रुपए रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

# करोड़ों का फ्रॉड कर फरार हुए कंपनी मालिक के पिता और भाई गिरफ्तार

● लेक्सस गाड़ी, 10 लाख नगद, 6 मोबाइल सहित काफी सामान बरामद ● मुकदमे में दंपती समेत आधा दर्जन आरोपी नामजद

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर पुलिस ने दो वर्ष पूर्व कर्नाटक के विजयपुर जिले में फॉरेक्स ट्रेडिंग, ट्रेडिंग की ट्रेनिंग और क्रिप्टो करंसी में इन्वेस्ट के जरिए भारी मुनाफा कमाने का लालच देकर अनेक लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाली एक कंपनी के मालिक के पिता और भाई को आज गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि पिता और पुत्र भी इस फ्रॉड में शामिल हैं। फ्रॉड के संबंध में कर्नाटक के विजयपुर जिले के निवासी कंटप्पा बाबू चव्हाण द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुरानी आबादी थाना में कंपनी के मालिक अजय आर्य और एक दंपती समेत आधा दर्जन व्यक्तियों के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार कंपनी का मालिक अजय आर्य नामक युवक है, जिसके पिता लाजपत तथा भाई दीपक आर्य को गिरफ्तार किया गया है। बाकी आरोपियों सौरभ चावला, सलोनी चावला, राजेंद्र सिंह, करमजीतसिंह और बलजीत सिंह की तलाश की जा रही है। इनमें से दो-तीन आरोपियों के विदेश भाग जाने की आशंका भी पुलिस ने जाहिर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबू चव्हाण ने मुकदमे में



बताया है कि दिसंबर 21 में उसने इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग और क्रिप्टो करंसी इन्वेस्टमेंट का एक वीडियो (रील) देखी। उस पर दिए गए नंबरों पर संपर्क किया तो अजय आर्य से बात हुई। अजय आर्य ने बताया कि वह श्रीगंगानगर का रहने वाला है फॉरेक्स ट्रेडिंग और क्रिप्टोकरंसी में इन्वेस्ट करने से भारी मुनाफा होता है। उसकी कंपनी द्वारा फॉरेस्ट ट्रेडिंग की ट्रेनिंग भी दी जाती है। बहुत से लोग लाभ कमा रहे हैं। अजय आर्य से उसकी कई बार बातचीत हुई। इसके बाद वह फरवरी 22 में अपने एक साथी राजू गोपाल राठौड़ के साथ श्रीगंगानगर आया। पुरानी आबादी थाना के समीप एक होटल में ठहरा। अजय आर्य उससे मिलने के लिए आया। उसने कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उसे फॉरेक्स ट्रेडिंग और क्रिप्टोकरंसी में इन्वेस्ट करने के लिए प्रलोभित किया। साथ ही अन्य लोगों को भी इसमें पैसा लगाने के लिए कहा। बाबू चव्हाण के मुताबिक उससे 2 लाख रुपए अजय ने उसी समय ले लिए। इसके बाद वह वापस कर्नाटक चला गया। उसकी अजय आर्य तथा उसके उक्त साथियों से मोबाइल फोन पर बातचीत होती रही। कुछ ही दिनों बाद इन आरोपियों ने कहा कि वह कर्नाटक में आकर कंपनी का ऑफिस खोलना चाहते हैं। फिर यह लोग विजयपुर में आए और कंपनी का ऑफिस खोला। बहुत से लोगों को फॉरेक्स ट्रेडिंग और क्रिप्टोकरंसी में पैसा लगाने के लिए प्रलोभित किया। अनेक लोगों ने खूब पैसा लगाया। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट में बाबू चव्हाण ने अपने सहित 18 व्यक्तियों द्वारा कुल मिलाकर लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए का निवेश अजय आर्य की कंपनी में लगाना बताया है। उसने दावा किया है कि इस कंपनी ने अकेले कर्नाटक में लगभग 2000 करोड़ रुपए का फ्रॉड किया है। यह कंपनी जून 2023 में बंद हो गई।

## शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत लालगढ़ में लिए सैंपल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई जारी है। विभाग की ओर से चलाए जा रहे शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के दौरान मंगलवार को विभागीय टीम ने लालगढ़ में दो खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा टीम ने लालगढ़ में खाद्य पदार्थ बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंवरपाल सिंह एवं हंसराज गोदारा ने



खाद्य व्यापारियों को खुले में मिठाईयां नहीं रखने एवं खाद्य सामग्री को ढक कर रखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान टीम में बाला जी डेयरी से दूध एवं घी का सैंपल लिया। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों, अशुद्ध और अवधिपार खाद्य पदार्थ बेचने वालों की सूचना टोल फ्री नंबर 181 पर या जिलास्तरीय व्हाट्स एप नंबर पर अवश्य देवें।

## सम्पादकीय

### सहयोग का नया सफर

आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने के संदर्भ में भारत के साथ इंडोनेशिया का मुखर होना अहम है। साथ ही सांस्कृतिक सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और समुद्री सुरक्षा के मामले में कई सहमति पत्रों पर भी हस्ताक्षर हुए और रक्षा के मोर्चे पर भी सहयोग को मजबूत करने की घोषणा हुई। भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंधों में सहयोग का सफर बहुत पुराना रहा है और अमूमन हर मौके पर दोनों देशों ने नाजुक मौकों पर एक दूसरे का साथ दिया है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जब वहां के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत आए, तो रिश्तों के नए आयाम भी खुले। कूटनीतिक पहलू से देखें तो दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच अंतरराष्ट्रीय कानूनों की एक 'पूर्ण और प्रभावी' आचार संहिता की वकालत करके दोनों देशों ने इस समूचे इलाके में एक मजबूत हस्तक्षेप किया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दक्षिण चीन सागर का क्षेत्र हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्रोत है। इसलिए चीन इस समूचे इलाके पर अपना प्रभुत्व जताता रहा है। वहीं वियतनाम, फिलीपींस और ब्रुनेई भी इस पर दावा करते हैं। साथ ही, भारत और इंडोनेशिया ने आपस में आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया और बिना किसी 'दोहरे मापदंड' के इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। यह छिपा नहीं है कि दुनिया के कई देश और खासकर भारत के पड़ोसी कुछ देशों में आतंकवाद के मसले पर कथनी और करनी में कितना फर्क है। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा लेने के संदर्भ में भारत के साथ इंडोनेशिया का मुखर होना अहम है। साथ ही सांस्कृतिक सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और समुद्री सुरक्षा के मामले में कई सहमति पत्रों पर भी हस्ताक्षर हुए और रक्षा के मोर्चे पर भी सहयोग को मजबूत करने की घोषणा हुई। गौरतलब है कि मौजूदा भूराजनीति के बदलते परिदृश्य में अलग-अलग मामलों में देशों के बीच जो नए समीकरण बन रहे हैं या फिर उनकी ओर से जो नीतियां अपनाई जा रही हैं, उससे उपजी चिंता के मद्देनजर संबंधों के नए सिरे खुलना भी स्वाभाविक है।

# वैश्विक दायित्वों से भाग रहे ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी टैरिफ पर कहा,वह दूसरे मुल्कों से आयात किए जाने वाले माल पर कहीं अधिक टैरिफ और टैक्स आयद करके अपने अमेरिका को समृद्ध बनाएंगे। अमेरिका की आर्थिक तरक्की को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया एकदम संकीर्ण और अंधराष्ट्रवादी रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से अमेरिका को बाहर निकाल कर राष्ट्रपति ट्रंप ने सिद्ध कर दिया है कि उनकी विश्व स्वास्थ्य कल्याण में कदापि कोई रुचि नहीं रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 2015 में ही पर्यावरण पर अंजाम दी गई अंतरराष्ट्रीय पेरिस संधि से बाहर आ चुका था। जो बिडेन ने फिर से पेरिस संधि में शामिल होना का निर्णय लिया था। पर्यावरण संरक्षण में ट्रंप की कभी कोई पहल नहीं रही।

डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हो चुके हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति की हैसियत से अपनी पहली तकरीर में प्रशासन की नीतियों का ऐलान किया। राष्ट्रपति ने बड़े जोश ओ खरोश से फरमाया कि अमेरिका का स्वर्ण युग अब प्रारंभ हो रहा है। अमेरिका आने वाले दौर में विश्व पटल पर एक अत्यंत समृद्ध और सम्मानित राष्ट्र के तौर पर निर्मित होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन होते ही ट्रंप द्वारा करीब 100 कार्यकारी आदेशों पर दस्तखत किए। इन प्रशासनिक आदेशों के तहत अमेरिकन राष्ट्रपति द्वारा जो सबसे विशिष्ट हुक्मनामे जारी किए हैं, वो अमेरिका की इमीग्रेशन, एनर्जी, इकोनामी और जेंडर से जुड़ी जटिल समस्याओं पर जारी किए गए हैं। अमेरिका - मेक्सिको सरहद पर डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नेशनल इमरजेंसी आयद करने का बाकायदा ऐलान कर दिया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी उद्घोषणा में कहा कि अमेरिका में अवैध प्रवेश पर अत्यंत सख्ती के साथ प्रतिबंध आयद कर दिया जाएगा। ट्रंप हुकुमत द्वारा अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे हुए लाखों अप्रवासियों को उनके वतन वापस भेजने की कानूनी प्रक्रिया का तत्काल आगाज कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका में अवैध तौर पर बसने वालों में मेक्सिको मूल के अप्रवासियों की तादाद सबसे अधिक है। इसके बाद साल्वाडोर के अप्रवासियों का नाम आता है और फिर भारत के अप्रवासियों का नाम लिया जाता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकन हुकूमत के आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में रहने वाले तकरीबन पचास लाख से अधिक भारतीयों के मध्य लगभग सात लाख भारतवासी अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने अमेरिका में प्रवासियों के जन्म लेने वाले बच्चों को भी जन्मजात नागरिकता प्रदान करने वाले कानून खत्म करने का ऐलान किया है। अब 20 फरवरी 2025 के बाद प्रवासियों के घर जन्म लेने वाले बच्चों पर राष्ट्रपति ट्रंप का हुक्म लागू हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप की इमीग्रेशन पॉलिसी का जबरदस्त तौर पर प्रतिकूल प्रभाव भारतवासियों पर आयद होने वाला है। पहले ही बाइडन प्रशासन द्वारा तकरीबन बीस हजार भारतीय अप्रवासियों को अमेरिका से निष्कासित किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। भारत से कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरियों के लिए अमेरिका में जाने वाले भारतीयों के लिए जारी किए जा रहे एच-1बी अमेरिकन वीजा पर भी अभी तकरार जारी है। एच-1बी वीजा वस्तुत एक वर्क परमिट है, जो कि अमेरिका सरकार द्वारा केवल 3 वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है और जिसकी अवधि को 6 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने एच-1बी वीजा प्रदान करने के पक्ष में ही अपनी राय पेश की है और कहा है कि अमेरिका को अत्यधिक शिक्षित वैज्ञानिक और इंजीनियर चाहिए। अमेरिका के कॉरपोरेट सेक्टर में कार्यरत प्रवासियों में भारतीयों व चीनियों की संख्या सबसे अधिक है।

इसी बीच एक अद्भुत घटना प्रकाश में आई। शपथ ग्रहण करने के पश्चात अमेरिकन राष्ट्रपति परंपरा अनुसार वाशिंगटन के एक प्रोटेस्टेंट चर्च की प्रार्थना सभा में शिरकत करने के लिए जाया करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप इस प्रार्थना सभा में गए तो चर्च में विद्यमान महिला बिशप मारियन एडगर द्वारा अप्रवासियों के प्रति डोनाल्ड ट्रंप की



नीतियों की उनके समक्ष ही कड़ी आलोचना की गई। बिशप मारियन ऐडगर के करुणा और दया से सराबोर शानदार उद्गार सुनकर राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगी हतप्रभ रह गए। बिशप मारियन ऐडगर ने कहा कि आपकी नीतियों से डरे हुए लोग चाहे बाहर से आए हैं, चाहे अमेरिका के नागरिक ना भी हैं और उनके पास पूरे कागजात भी नहीं है, पर वे सभी कामकाजी मेहनतकश इंसान है। यदि आप स्वयं पर ईश्वर का हाथ महसूस करते हैं तो भगवान की खातिर उन लोगों को मत सताइए। उन्होंने आगे कहा अमेरिका में बसने वाले सभी अप्रवासी मेहनतकश अपराधी नहीं है, अमेरिका के निर्माण में अप्रवासियों ने अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया हैं। उनके प्रति आपका सख्त व्यवहार अमानवीय होगा। सारी दुनिया जानती है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद मेक्सिको के मेहनतकशों को पुनर्निर्माण के कार्य के लिए अमेरिका में बकायदा आमंत्रित किया गया था। आज भी अमेरिका के विशाल एग्रीकल्चर फार्म हाउसों में खेतीबाड़ी का सारा कार्य मेक्सिको से अमेरिका आए हुए अप्रवासी मजदूर ही संभालते रहे हैं। अपने विगत कार्यकाल में भी डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और अमेरिका के मध्य बड़ी और लंबी दीवार निर्मित करने का ऐलान किया था, किंतु उनके पूरे कार्यकाल में केवल सात किलोमीटर लंबी दीवार ही निर्मित की जा सकी थी, जबकि मेक्सिको और अमेरिका के मध्य तीन हजार किलोमीटर से भी अधिक लंबी सरहद विद्यमान है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने भाषण में पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन द्वारा अमेरिका में विद्यमान अप्रवासी संकट का निदान करने के तौर तरीकों की भी कटु आलोचना की है।

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अमेरिकी टैरिफ पर भी अपना नजरिया स्पष्ट किया गया। ट्रंप ने कहा,वह दूसरे मुल्कों से आयात किए जाने वाले माल पर कहीं अधिक टैरिफ और टैक्स आयद करके अपने अमेरिका को समृद्ध बनाएंगे। अमेरिका की आर्थिक तरक्की को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया एकदम संकीर्ण और अंधराष्ट्रवादी रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से अमेरिका को बाहर निकाल कर राष्ट्रपति ट्रंप ने सिद्ध कर दिया है कि उनकी विश्व स्वास्थ्य कल्याण में कदापि कोई रुचि नहीं रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 2015 में ही पर्यावरण पर अंजाम दी गई अंतरराष्ट्रीय पेरिस संधि से बाहर आ चुका था। जो बिडेन ने फिर से पेरिस संधि में शामिल होना का निर्णय लिया था। पर्यावरण संरक्षण में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कभी कोई पहल नहीं रही। सर्व विदित है कि अमेरिका विश्व में कार्बन उत्सर्जन करने वाला सबसे अग्रणी देश है। अमेरिकी कारोबार को अति उन्नत करने की लिप्सा में वैश्विक पर्यावरण को नष्ट करने में ट्रंप सबसे ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे। वह तो केवल अमेरिका की आर्थिक तरक्की में ही खुद को झोंक देना चाहते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन और अमेरिका के मध्य ट्रेड वार शुरू हुई थी। किंतु बाइडन के काल में यह शिथिल पड़ गई थी। राष्ट्रपति पद पर आसीन होते ही ट्रंप ने फिर से चीन पर जुबानी हमला बोल दिया है, उन्होंने कहा कि चीन को पनामा नहर एक तोहफा में दे दी गई है। पनामा के राष्ट्रपति जास राहुल मुलिनो ने इस बात से साफ इंकार किया है कि किसी भी तरह से पनामा नहर पर चीन का नियंत्रण स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा कि पनामा नहर का संचालन एक प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। आमतौर पर कहा जाता है कि व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप गहरे राजनीतिक दोस्त हैं, ठीक उसी तरह जैसे कहा जाता था कि ट्रंप और नरेंद्र मोदी भी बड़े गहरे दोस्त हैं। पर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक मंच पर राष्ट्र के हित ही सदैव सर्वोपरि होते हैं, राष्ट्राध्यक्षों की व्यक्तिगत दोस्ती अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अधिक महत्व नहीं रखती। अभी ट्रंप के पत्ते खुलने बाकी हैं।

# लाला लाजपत राय : जिनकी शहादत से उबल पड़ा था देश

अहिंसा का कर्तव्य खुद अहिंसक बने रहने से ही पूरा नहीं होता, क्योंकि उसमें दूसरों को हिंसा से विरत करने के जतन करने का कर्तव्य भी शामिल है।...यों, अहिंसा शांतिपूर्ण साधनों से उद्देश्य प्राप्त करने के प्रयासों का नाम है और इन प्रयासों में अविचलित रहकर झेली गई असफलता सफलता की ओर बढ़ा सबसे जरूरी कदम सिद्ध होती हैं। ये विचार स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दे गये पंजाब केसरी लाला लाजपतराय के हैं, जो अहिंसा में अपने अगाध विश्वास के बावजूद स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष चलाने वाले क्रांतिकारियों के लिए भी उतने ही आदरणीय थे, जितने अहिंसा के पैरोकारों के लिए। इस सिलसिले में जानना दिलचस्प है कि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल की 'लाल-बाल-पाल' के नाम से प्रसिद्ध उस तिकड़ी के पहले सदस्य थे, जिसने उन दिनों गोरों की दासता में जकड़े देश के लिए सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता की



मांग की। इतना ही नहीं, उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के निर्णायक दौर में गोरी सत्ता के क्रूरतम चेहरे का सामना किया और अपनी जान देकर देशवासियों के नेतृत्व का कर्तव्य निभाया। यही कारण है कि 30 अक्टूबर, 1928 को लाहौर में कुख्यात साइमन कमीशन के विरुद्ध प्रदर्शन के नेतृत्व के वक्त उन पर पुलिस की लाठियां बेतरह बरसीं और उनसे आई सांघातिक चोटों ने 27 नवम्बर, 1928 को उनकी जान ले ली तो उद्वेलित देश ने गोरों से उसका बदला चुकाये बिना चैन नहीं लिया। इसीलिए उनकी मौत को आज भी, 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में गोरे जनरल माइकल ओ' डायर द्वारा कराये गये भीषण नरसंहार और ऐतिहासिक चौरी-चौरा कांड के कारण महात्मा गांधी द्वारा 12 फरवरी,1922 को असहयोग आंदोलन को, उसकी चरमावस्था में, अचानक वापस ले लेने के बाद देश को क्षुब्ध करने वाली तीसरी सबसे बड़ी घटना माना जाता है।

इतिहास गवाह है कि जलियांवाला बाग कांड और असहयोग आंदोलन की वापसी के बाद आजादी के लिए कुछ भी करने और किसी भी हद से गुजरने को आतुर देश के जो युवा अहिंसा के रास्ते निस्तार न देख सशस्त्र क्रांतिकारी संघर्ष की ओर मुड़ गये थे, निर्मम पुलिस दमन में लाला जी को खो देने के बाद उनका ऊष्ण रक्त कुछ ज्यादा ही उबाल खाकर हर हाल में 'बदला-बदला' पुकारने लगा था। पुकारता भी क्यों नहीं, लाहौर में उक्त प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए लाला जी प्रभावशाली नेता की अपने ही द्वारा तय की गई उस कसौटी से रंच भी पीछे नहीं हटे थे, जिसके अनुसार किसी भी सच्चे नेता को सत्साहस व निर्भीकता बरतने में सदैव अपने अनुयायियों से आगे रहना चाहिए। निर्मम लाठी-चार्ज में गोरी पुलिस ने जानबूझकर उनको प्राणघातक चोटें पहुंचानी शुरू कीं तो भी उनके साहस व निर्भीकता ने उनका साथ नहीं छोड़ा था। कहते हैं कि उस वक्त वे इस विश्वास से भरे हुए थे कि उन्हें कुछ हो गया तो देश की उद्वेलित युवा पीढ़ी ब्रिटिश साम्राज्य की ईंट से ईंट बजाने पर तुल जायेगी। इसीलिए बुरी तरह घायल होने के बाद उन्होंने कहा था कि मेरे शरीर पर पड़ी पुलिस की एक-एक लाठी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी। अपने इस आकलन में वे कितने सही थे, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि कोई महीना भर मौत से लड़ने के बाद उन्होंने 27 नवंबर, 1928 को इस संसार को अलविदा कहा तो उसके दो भी दशक नहीं बीते और देशवासियों ने ब्रिटिश साम्राज्य को इस देश में अपना सूर्यास्त देखने को विवश कर दिया। इस साम्राज्य से उनकी जान का बदला तो क्रांतिकारियों ने महीने भर में ही ले लिया था।

हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के सैनिकों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आदि ने सेनापति चंद्रशेखर आजाद के साथ योजना बनाकर उनके प्राणांत के ठीक महीने भर बाद 17 दिसम्बर, 1928 को ब्रिटिश पुलिस के अफ़सर सांडर्स को गोली से उड़ा दिया था। हालांकि वे मारना पुलिस सुपरिटेंडेंट जेम्स स्काट को चाहते थे, जो लाला जी पर लाठियां बरसाने के लिए जवाबदेह था। बाद में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को बदला लेने की अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने की कीमत अपनी शहादत से चुकानी पड़ी थी। जैसा कि पहले बता आये हैं, अहिंसावादी कांग्रेस में होने के बावजूद लाला जी क्रांतिकारियों के ऐसे चहेते थे कि कहा जाता है कि उनकी असामयिक मृत्यु ने पराधीन भारत को उसकी आन पर हंसते-हंसते बलिदान हो जाने वाले जानें कितने भगतसिंह और ऊधम सिंह दिए।

## उद्यमो भैरवः

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सब कुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।


## शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

# रिश्ते में खत्म होता रोमांस तो पार्टनर को स्पेशल फील कराएं

*फोटो रिश्ता नाम से*

जब दो नए लोग रिश्ते में आते हैं तो शुरुआत में वे एक-दूसरे की बहुत केयर करते हैं। वे हमेशा एक-दूसरे को खुश करने की कोशिश में लगे रहते हैं। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता है, उनके बीच प्यार और रोमांस कम होने लगता है। कई बार रोमांस की कमी की वजह से रिश्ता टूटने की कगार तक पहुंच जाता है। इसलिए पार्टनर्स के बीच हमेशा रोमांस बने रहना चाहिए वरना रिश्ता बोरिंग होने लगता है। रिश्ते में रोमांस की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यह पार्टनर्स के बीच प्यार और सामंजस्य बनाए रखने का एक जरिया है। समय के साथ जब रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्तताएं बढ़ने लगती हैं, तब रोमांस रिश्ते में नयापन बरकरार रखने का काम करता है। यह एक-दूसरे के प्रति विश्वास को भी मजबूत करता है। चाहे वह आपकी एक छोटी सी मुस्कान हो या कोई स्पेशल सरप्राइज, ये पार्टनर के दिल में एक खास फीलिंग जगाता है। अक्सर लोग अपनी जिंदगी की भागदौड़ में पार्टनर को प्राथमिकता देना भूल जाते हैं। इससे रिश्ते में प्यार और रोमांस धीरे-धीरे फीका पड़ने लगता है। रिश्ते में रोमांस खत्म होने की सबसे बड़ी वजह कम्युनिकेशन गैप है। जब पार्टनर एक-दूसरे से खुलकर बात नहीं करते तो इससे रिश्ते में गलतफहमियां और दूरियां बढ़ने लगती हैं। कई बार बिजी शेड्यूल और जिम्मेदारियों की वजह से पार्टनर एक-दूसरे को समय नहीं दे पाते हैं। इससे उनके बीच मनमुटाव जैसी स्थिति पैदा होने लगती है, जो रिश्ते में रोमांस को कम कर सकती है। रिश्ते में जब पार्टनर्स की प्राथमिकताएं अलग-अलग होती हैं तो वे एक-



दूसरे के प्रति लगाव नहीं रख पाते। जैसे किसी को यात्रा करना पसंद है, जबकि उसका पार्टनर घर पर आराम करना चाहता है। इससे उनके बीच दूरियां बढ़ सकती हैं। जब रिश्ते में पार्टनर किसी दूसरे के साथ जुड़ा होता है तो उसका अपने पार्टनर के साथ अटैचमेंट कम हो जाता है। वह अपने रिश्ते से बाहर अटैचमेंट महसूस करने लगता है। इससे वह अपने पार्टनर को पर्याप्त समय नहीं दे पाता। रिश्ते में रोमांस की कमी की एक बड़ी वजह ये भी है। अक्सर झगड़े और बहसबाजी रिश्ते में दूरियां पैदा करते हैं। इससे पार्टनर के साथ मनमुटाव होने लगता है। अगर समय रहते इस झगड़े को नहीं सुलझाया जाता तो ये तनाव की वजह बन सकता है। इसके कारण दोनों के रिश्ते में दरार आ सकती है। शराब या अन्य नशे की लत किसी भी रिश्ते में तनाव पैदा कर सकती है। इससे एक-दूसरे के बीच भावनात्मक जुड़ाव कम होने लगता है, जो रोमांस को कम कर सकता है। रिश्ते में रोमांस बनाए रखने का एक अहम तरीका एक-दूसरे की भावनाओं को समझना है। छोटे-छोटे सरप्राइज और एक-दूसरे की तारीफों से अपने पार्टनर को खुश रख सकते हैं। उन्हें बताएं कि वे आपके लिए कितने खास हैं और आप उन्हें कितना पसंद करते हैं। अपने डेली रूटीन से समय निकालकर एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह प्यार और रोमांस को बढ़ावा देता है। इसके अलावा कई छोटे-छोटे प्रयास आपके रिश्ते को मजबूत और खुशहाल बनाए रखते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि रिश्ते में रोमांस जरूरी है। लेकिन ये भी ध्यान रखें कि रोमांस ही सबकुछ नहीं है। इसके अलावा भी कुछ बातों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। रिश्ते में कम्युनिकेशन गैप न आने दें। सुबह शाम एक-दूसरे से समय निकालकर बातें जरूर करें। अगर किसी बात को लेकर मन में शंका है तो उसके बारे में पार्टनर से बेझिझक पूछें। किसी भी स्थिति में अपने पार्टनर को प्रिऑरिटी देना न भूलें। हमेशा एक-दूसरे का सम्मान करें। दोषारोपण करने से बचें। अच्छे कामों के लिए एक-दूसरे का आभार जताएं। पार्टनर की पसंद का ख्याल रखें। उसकी लाइफ से जुड़े खास दिनों को याद रखें। जैसेकि पहली मुलाकात, बर्थडे और एनिवर्सरी। इन मौकों पर उसे सरप्राइज देकर स्पेशल फील कराएं। बेवजह पार्टनर पर शक न करें और हर समय रोक-टोक न लगाएं। एक-दूसरे के साथ घूमने-फिरने के लिए समय निकालें। साथ में बैठकर भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करें। अगर आपका पार्टनर रोमांटिक नहीं है तो उसके सामने अपनी भावनाओं और इच्छाओं को खुलकर व्यक्त करें। उसके नजरिए को समझने की कोशिश करें और रिश्ते में रोमांस को शामिल करने के तरीकों पर चर्चा करें। हो सकता है कि आपका पार्टनर आपको प्यार करता हो, लेकिन वह उसे व्यक्त न पाता हो। ऐसे में आप खुद आगे बढ़कर इसकी जिम्मेदारी लें।

CMYK

# जनमार्ग सिटी न्यूज

JANMARG news

श्रीगंगानगर, बुधवार, 29 जनवरी 2025

» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रामसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीविजयनगर



जनमार्ग

# रेलगाड़ी में डिब्बे के शौचालय आग लगने से हड़कंप मचा

**सूरतगढ़( जनमार्ग न्यूज )** । रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी में डिब्बे के शौचालय आग लगने से हड़कंप मच गया । पैसेंजर ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म पर आकर रुकी तो उसके एक कोच के टॉयलेट केबिन से धुआं उठता देख रेलगाड़ी के यात्री व प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों में हड़कंप मच गया। यात्रियों और प्लेटफार्म के कैंटीन संचालक से जानकारी के मुताबिक अबोहर से चलकर बीकानेर के लालगढ़ तक जाने वाली ट्रेन दोपहर 2 बजे जैसे ही सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन के सेकंड लास्ट कोच संख्या 134457 के शौचालय केबिन से धुआं निकलता देख डिब्बे में बैठे यात्रियों और प्लेटफार्म पर खड़े लोगों ने स्टेशन अधीक्षक और जीआरपी सीआरपी को जानकारी देने के साथ आग बुझाने का प्रयास किया । इसकी जानकारी मिलते ही स्टेशन पर तुरंत सायरन बजाकर अनाउंसमेंट किया गया। जिसके बाद सुरक्षा उपकरणों के साथ जीआरपी के जवान और रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी प्लेटफार्म पर पहुंचे और शौचालय का गेट खोलने के साथ ही खिड़की का शीशा तोड़कर फायर इंस्ट्रूमेंट से आग पर काबू पाया। घटना स्थल पर स्टेशन



अधीक्षक सहित जीआरपी चौकी प्रभारी मान सिंह, रेलवे स्टेशन पर कैंटीन चलने वाले सुरेंद्र कुमार, जीआरपी के हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल सुभाष, आरपीएफ के जवान छगनलाल, रेलवे परिसर में पार्किंग संचालक रोहित और प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों ने आग बुझाने में सहयोग किया। रेल अधिकारियों ने आशंका जताई कि संभवतः शौचालय के डस्टबिन में किसी ने जलती बीड़ी अथवा सिगरेट फेंक दी होगी। इस वजह से सुलगती हुई आग ने धीरे-धीरे शौचालय के प्लाईवुड को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि यह सब कुछ प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकने पर लोगों का ध्यान उठाते हुए की तरफ चला गया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस मामूली आगजनी की घटना के चलते बाद में ट्रेन भी अपने निर्धारित समय से करीब 25 मिनट देरी से सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन से रवाना हो सकी। यह घटना रेल यात्रा के दौरान धूम्रपान के खतरों को रेखांकित करती है। रेलवे नियमों के अनुसार ट्रेन में धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन कुछ यात्री छिपकर धूम्रपान करते हैं, इस वजह से कभी भी बड़े हादसे हो सकते है।

# राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा ने निदेशालय पर सांकेतिक धरना लगाया

## ❑ डीपीसी से पदोन्नत व्याख्याताओं की काउंसलिंग जल्दी करवाने की मांग

**बीकानेर ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा द्वारा डीपीसी से पदोन्नत व्याख्याताओं की काउंसलिंग जल्दी करवाने की मांग को लेकर संस्थापक भैरूराम चौधरी के नेतृत्व में शिक्षा निदेशालय बीकानेर पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना किया गया । प्रदेश प्रवक्ता बसन्त कुमार ज्याणी ने बताया कि सत्र 2021-22 व 2022-23 दो सत्रों की वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता डीपीसी 20 नवम्बर को सम्पन्न हुई थी। जिसमे 10530 वरिष्ठ अध्यापकों को व्याख्याता पदों पर पदोन्नत किया गया था। लेकिन दो महीने बाद भी काउंसलिंग नहीं की गई है । जिसके कारण पदस्थापन नहीं हो सका है । ऐसे में प्रदेश भर के पदोन्नत व्याख्याताओं द्वारा



राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा के बैनर तले संगठन के संस्थापक भैरूराम चौधरी के नेतृत्व में अतिरिक्त निदेशक रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर संयुक्त निदेशक कार्मिक रमेश कुमार हर्ष से मुलाकात की गई । अतिरिक्त निदेशक ने आज कल में काउंसलिंग कार्यक्रम जारी करने का आश्वासन दिया । रेसला प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी राम गोदारा द्वारा धरने को समर्थन दिया गया । रेसला प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी गोदारा व भैरूराम चौधरी ने बताया कि शीघ्र ही काउंसलिंग कार्यक्रम जारी नहीं किया गया तो सोमवार से समस्त पदोन्नत व्याख्याताओं द्वारा अनिश्चत कालीन धरना दिया जाएगा। सुनील कुमार ने बताया कि काउंसलिंग में राज्य के समस्त विषय के व्याख्याताओं के समस्त रिक्त पद प्रदर्शित किए जाए । धरना प्रदर्शन में रेस्टा संस्थापक व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भैरूराम चौधरी, रेसला प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी गोदारा, टोडाराम गोलिया, सुनील कुमार सहित प्रदेशभर के वरिष्ठ अध्यापक व पदोन्नत व्याख्याता उपस्थित रहे।

# श्रीगंगानगर थोक दाल विक्रेता संगठन में सर्वसम्मति से वधवा को अध्यक्ष, लीला को महासचिव, मनोहर लाल को कोषाध्यक्ष

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर थोक दाल विक्रेता संगठन के चुनाव रवि वधवा की अध्यक्षता में पुरानी धानमण्डी मे सम्मन्न हुआ जिसमे अध्यक्ष पद पर सर्व सहमति से अशोक वधवा को अध्यक्ष, रविन्द्र दत लीला को महासचिव, मनोहर लाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सभी सदस्यो ने नव चयनित कार्यकारिणी को शुभकामनाए एवं बधाई दी तथा उनका अभिनंदन किया। अध्यक्ष अशोक वधवा ने रवि वधवा का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया तथा बताया कि व्यापारियो कि समस्यो का हल सर्व सहमति से किया जायेगा। महासचिव रवि लीला ने सदस्यो का धन्यवाद व आभार प्रगट करते हुए कहा कि संगठन व्यापारियों कि समस्याओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकार से सेवा कार्य भी किये जायेगे। धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमो के आयोजन भी मिलकर करेगे।



# हर्षलीन के बीबीए में स्वर्ण पदक हासिल करने पर प्रशासन ने किया सम्मानित

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय मे 76वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान का गायन किया गया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में शक्ति जैन ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा संयमित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। सचिव नरेश जैन ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देशहित को सर्वोपरि मानने का संदेश दिया। उन्होंने अपने निजी स्वार्थ की बजाय राष्ट्रीय एकता की भावना को महत्व देने पर बल दिया। उन्होंने 76वें गणतंत्र दिवस एवं महाविद्यालय की रजत जयंती वर्ष के पावन अवसर पर आचार्य श्री विजय नित्यानंद सुरीश्वर जी महाराज को विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्मश्री' सम्मान मिलने पर गौरवशाली पल बताया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पंकज लता ने बताया कि महाविद्यालय की छात्रा हर्षलीन कौर को बीबीए में स्वर्ण पदक हासिल करने पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक, जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित करने पर सभी ने गौरवान्वित महसूस किया। इस मौके पर महाविद्यालय की संगीत की छात्राओं ने देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत समूह गान एवं एकल गान की प्रस्तुतियों द्वारा अदभुत समां बांधा। कोषाध्यक्ष दीपक जैन ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश फिर से विश्व गुरू बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।सफल मंच संचालन उप प्राचार्य डॉ. निक्की शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# तहसील परिसर में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**जनमार्ग न्यूज**

**गजसिंहपुर।** स्थानीय तहसील परिसर में 76 वां गणतंत्र



दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर तहसीलदार सपना सोनी के द्वारा झंडारोहण की रस्म अदा की गई झंडे की सलामी पुलिस प्रशासन के द्वारा ली गई वहीं इस अवसर पर तहसीलदार सपना सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था हमारे संविधान को लागू करवाने के लिए हमारे देश के वीर सिपाहियों के द्वारा दुश्मनों को धूल चटाते हुए उन्हें अपनी सीमा से बाहर करने का काम किया है सोनी के द्वारा सभी बच्चों को नशे से दूर रहने एवं मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की बात कही तहसीलदार सपना सोनी के द्वारा बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जलंधर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश में एकता को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है समाजसेवी सुरेंद्र पाल ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सवको मिलकर राष्ट्र निर्माण व देश के विकास का संकल्प और गाँधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतो पर चलना चाहिये। यही हमारे देश का सच्चा सम्मान है इस अवसर पर तहसीलदार सपना सोनी के द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कि छात्राओं एवं राजकीय छात्रावास के विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# राजकीय विद्यालय 2 ई छोटी में विधायक बिहाणी ने किया दो कमरों का शिलान्यास

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय 2 ई छोटी, श्रीगंगानगर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'उड़ान' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 लाख रूपये की लागत से बनने वाले दो कमरों का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक जयदीप बिहाणी द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा अदभुत समां बांधा। कार्यक्रम में भाजपा अटल मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार, पूर्व डायरेक्टर दिनेश कुमार मेघवाल, वेदप्रकाश टाक, वार्ड पंच सुभाषचन्द, लादूराम, छिन्द्रपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों का व्याख्याता रघुवीर परिहार, स्टाफ सदस्य नरेश कुमार ज्याणी, राजेंद्र सिंह, जगसीर सिंह, विनोद कुमार कांवडि?ा, स्नेहलता, किरण बाला, अनीता रानी, विमला देवी, मोनिका, मंजू, सुनीता, पूजा, वृंदा, प्रियंका आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान श्रीमती सरोज चौधरी ने सबका आभार व्यक्त किया। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापिका सोनू बेदी ने किया। व्याख्याता रघुवीर परिहार ने विद्यालय की समस्याओं को विधायक जयदीप बिहाणी के समक्ष रखा, जिस पर विधायक जयदीप बिहाणी ने सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रोहिडांवाली स्कूल में वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण धूमधाम से सम्पन्न



**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** सीमावर्ती क्षेत्र के गांव रोडावली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि सरपंच सुलोचना, विशिष्ट स्थिति भामाशाह विनोद धारणिया जगदीश चंदेल राजीव कुमार रहे। शिक्षा विभाग की तरफ से निरीक्षण हेतु रामकुमार शीलू भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ड्रिप प्रचलित व सरस्वती वंदना से हुई विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति सोशल मीडिया जैसे जलन मुद्दों पर लघु नाटक प्रस्तुत किया वहीं छात्र-छात्राओं ने पंजाबी लोकगीत गिद्दा व डांस किया। इसी कार्यक्रम दौरान शिक्षा व खेल क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। भामाशाह विनोद धारणिया द्वारा राज्य व जिला स्तर पर उपविजेता रही अंडर 14 टीम के 6 खिलाड़ियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमा चौधरी ने समस्त अतिथियों ग्राम वीडियो में दंडातों का आभार प्रकट किया मंच संचालन श्रीमती शालू शर्मा एवं स्टाफ द्वारा की गई इस मौके पर विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# डीएवी कॉलेज में गणतंत्र दिवस का आयोजन



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** डीएवी कॉलेज में गणतंत्र दिवस का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान पर महत्व देते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का अनूठा संविधान है इसमें लिखे हुए सभी नियमों की पालना हमें करनी चाहिए। संविधान का पालन ही हम सब की सुरक्षा को निश्चित करता है। कार्यक्रम में संगीत विभाग के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों के बीच कई खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ.राजेश्वर गोदारा,डॉजसप्रीत सिंह डॉ.कौर सिंह ,अंजली सिंह तथा अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# एपैक्स ने गणतंत्र दिवस मनाया

**जयपुर ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लि. (अपेक्स बैंक) में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। यहां प्रबंध निदेशक श्री संजय पाठक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपेक्स बैंक मुख्यालय के सुरक्षाकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# पुलिस लाईन में गणतंत्र दिवस समारोह पर झंडा फहराया गया

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** लायन्स क्लब, श्रीगंगानगर के तत्वाधान में गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन महात्मा गांधी विद्यालय नं. 05 पुलिस लाईन, श्रीगंगानगर में लायन अजनीश गोयल की अध्यक्षता में मनाया गया। प्रधानाचार्य रिम्पा तलवार ने बताया कि इस अवसर पर लायन्स पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गणतन्त्र दिवस मनाया और बच्चों की हौसला ब?ाया। इस अवसर पर लायन पदाधिकारीगण सतीश अरो?ा, अंकित जैन, बनवारी लाल गोयल, पुरशोत्तम गोयल, सेतिया जसुजा, बी.एस. गहलोत, नरेश ब?ोपलिया, जगीर चन्द फरमा, विजय भोला, विनोद बिहाणी, अजय मित्तल, सतीश जसुजा, राजेन्द्र बंसल, महेन्द्र बंसल, दिनकर बंसल, लायनेड संतोष गोयल, लायनेड आस्था गोयल, लायनेड नन्नू मित्तल एवं एस.डी.एम.सी, एस.एम.सी, अवतार मल्हौत्रा, डॉ. अश्वनी नागपाल, डॉ. प्रेरणा नागपाल, हरजिन्द्र आर्य, मंजु, इन्दू भूषण चावला, महावीर सलीम मनीहार, निर्मला, नीलम ज्याणी, विक्रम ज्याणी एवं पुलिस लाईन के अभिभावकगण ने बच्चों द्वारा देश भक्ति एवं भगत सिंह पर आधारित गीत व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, व्ययाम आदि की भूरी-भूरी प्रंशसा की। मंच संचालन मनीभद्र एवं मधुसुधन छात्रा आयुशी ने किया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ झण्डा फहराया कर के साथ किया गया, सभी लोगों ने राष्ट्गान में भाग लिया। अतिथियों द्वारा गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाऐं दी गई। लायन्स क्लब के अजनीश गोयल ने 76वें गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए पुलिस लाईन प्रशासन की सहमति से विद्यालय के मुख्य गेट को आकर्षक भव्य निर्माण की घोषणा की व सभी साथियों का सहयोग लिए धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

प्रधानाचार्य रिम्पा तलवार ने कि आइए इस विशेष दिन पर लोकतंत्र और एकता की भावना का जश्न मनाएं। गणतंत्र दिवस 2025 की शुभकामनाएँ! इस गणतंत्र दिवस पर, आइए हम एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें। लायन्स क्लब, श्रीगंगानगर द्वारा विद्यालय का मुख्य गेट निर्माण की घोषणा व बच्चों का मिठाई वितरित करने के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# न्यायिक बार संघ की तरफ से बार बैंच मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** गणतंत्र दिवस पर न्यायिक बार संघ की तरफ से बार बैंच मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सालय में आयोजित बार बेंच मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ए सी जे एम दीपेंद्र मीणा, बार संघ के अध्यक्ष राकेश झोरड़ ने टॉस करके क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बार संघ टीम कप्तान वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल भार्गव की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 193 रन बनाए। बैंच टीम के कप्तान ए सी जे एम दीपेंद्र मीणा की टीम 97 रन पर आउट हो गई। मुख्य अतिथि ए सी जे एम दीपेंद्र मीणा, बार संघ अध्यक्ष राकेश झोरड़, सचिव सोनू गाबा, कोषाध्यक्ष उदित नारायण ओझाइया, वरिष्ठ अधिवक्ता चानणमल स्वामी, पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, मदनलाल भांभू, महेश मिश्रा, गुरप्रीत सिंह भमराह, राजकुमार सेन, उत्तम मुदगल ने बारसंघ की विजेता टीम, उपविजेता बैंच टीम के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के अलावा विजेता और उपविजेता ट्रॉफी देकर सम्मान किया। अतिथियों ने मैन ऑफ द सीरीज मंगलाराम, मैन ऑफ द मैच अरुण गोदारा, बेस्ट बॉलर ऋतिक, बेस्ट फील्डर अनिल भार्गव, अंपायर गुरविंद्र सिंह, स्कोरर चानणमल का विशेष रूप से सम्मान किया। अध्यक्ष राकेश झोरड़ ने सभी का आभार प्रकट किया।

CMYK

# मातृ पितृ पूजन दिवस बनाकर किया माता-पिता व गुरुजनों का पूजन

## सनातन संस्कृत का जीवंत रूप अनुभव कर सब की छलछलाई आंखें एवं बच्चों को मिले भरपूर स्नेहसीश

**गजसिंहपुर ( जनमार्ग न्यूज )।** कस्बे के पदमपुर मार्ग पर स्थित परमानंद शिक्षण संस्थान में छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान बनाने के उद्देश्य से परमानंद डिग्री कॉलेज गजसिंहपुर में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया । श्री योग वेदांत सेवा समिति के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ । श्री योग वेदांत सेवा समिति के सदस्य संजय पेड़ीवाल ÷प्रातः काल उठ के रघुनाथा मात पिता गुरु नाम ही माथा÷ का सामूहिक उच्चारण कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम में विशेष अतिथि शिवचंद्र काठपाल पाल, पुरुषोत्तम वधवा, पॉपिंस चिल्ड्रंस वर्ल्ड की उपप्रचार्या श्रीमती नम्रता बंसल, समाजसेवी राजकुमार गिरधर उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं ने माता-पिता को रोली और चावल का टीका लगाया फूलों की माला पहनाकर उनकी आरती उतारी तथा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया । बच्चों ने माता-पिता पर पुष्प वर्षा कर उन्हें प्रथम गुरु मानते हुए उनका सम्मान किया।



छात्र-छात्राओं ने जीवन में माता-पिता का योगदान और भारतीय संस्कृति पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर फतेहसागर ने संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं तो संतान अपने माता-पिता का ऋण कभी नहीं उतार सकती। हमें श्रवण व भगवान श्री राम की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए सदैव माता-पिता का सम्मान करना चाहिए । तभी हमारा जीवन सफल हो सकेगा । समाजसेवी राजकुमार गिरधर ने अपने संबोधन में कहा कि कौन कहता है कि कलयुग ही आज का कार्यक्रम देख रहा है ऐसा लग रहा है कि हम सतयुग में है । छात्र-छात्राओं ने गीत नाटिका इत्यादि की प्रस्तुति दी । पॉपिंस चिल्ड्रन वर्ल्ड स्कूल गजसिंहपुर के छात्र-छात्राओं ने अपने बहुत ही सुंदर नाटिका प्रस्तुत की जिसने सभी का मन मोह लिया । श्री योग वेदांत समिति के सभी सदस्यों का प्राचार्य महोदय डॉ मूलचंद भारद्वाज के द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में अपना योगदान दिया।

# राउमावि 11 एलएनपी में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 11 एलएनपी ख्यालीवाला में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति श्रीगंगानगर उप प्रधान श्री बृजमोहन यादव, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच श्री बृजलाल रणवा , पंच श्री कृष्ण लाल ,श्री अमर सिंह यादव सरपंच प्रतिनिधि 6 एलएनपी, उप प्राचार्य 12 एलएनपी श्री राजन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं स्टाफ, विद्यार्थी उपस्थित थे ।विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई ,प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्र कुमार सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। गत वर्ष के शानदार परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले, खेलकूद में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले व सह शैक्षणिक गतिविधियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य श्रीमती संतोष ने सभी को धन्यवाद दिया।

# सरस्वती शिक्षण समूह में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

### छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**बींझबायला ( जनमार्ग न्यूज )।** स्थित सरस्वती शिक्षण समूह में 76 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया7 कार्यक्रम में विद्यालय व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी7 कार्यक्रम की शुरुआत संस्था निदेशक अनिल खालिया, आज के मुख्य अतिथि महेंद्र साहू, विशिष्ट अतिथि मैनाराम गोदारा, लेफ्टिनेंट अन्नपूर्णा न्योल, बनवारी लाल गोदारा हरीश शर्मा, पत्रकार शीशपाल तेहपुरिया, आरती राजोतिया द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ7 सरस्वती कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और समर्पण के साथ सलामी परेड कर सबको मोहित किया7 कार्यक्रम में गीत नृत्य नाटिका के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई कॉलेज की छात्राओं द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव का मंचन किया गया, वहीं देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों का नृत्य के माध्यम से झांकियां प्रस्तुत की गई7 सरस्वती कान्वेंट के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया7 आज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था निदेशक अनिल खालिया ने 76वें गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई दी ,उन्होंने अपने संबोधन में हमारे अधिकारों और कर्तव्य के प्रति जागरूक किया तथा हमें एकजुट होकर काम करने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। आज के इस अवसर पर क्षेत्र व संस्था मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी व कर्मचारियों को अनिल खालिया द्वारा सम्मान प्रतीक देखकर सम्मानित किया गया। आज के इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, पत्रकार बंधु, अध्यापकगण उपस्थित रहे7 संस्था संरक्षक हरीश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में मंच संचालन एम. ए. मनोविज्ञान की छात्रा गुरप्रीत कौर ने किया।

# संविधान हमें स्वतंत्रता, गणतांत्रिक विचारों से बांधता है

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आज भाजपा जिला कार्यालय में 76 वें गणतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण भाजपा बीकानेर संभाग प्रभारी एवं गंगानगर संगठन चुनाव प्रभारी श्री दशरथ सिंह शेखावत ने किया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री शरण पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री आत्मा राम तरड़, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री जुगल डुमरा, जिला उपाध्यक्ष श्री राजन तनेजा, श्याम धारीवाल, महामंत्री प्रदीप घेरड़ ने संबोधित किया । श्री दशरथ सिंह ने कहा कि आज भारत राष्ट्र अपना गणतंत्र दिवस मना रहा है आज के ही दिन 26 जनवरी, 1950 को भारत राष्ट्र ने संसार में लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित, सबसे बड़े गणराज्य का गठन किया, तथा लिखित में संविधान अमल में आया उस संविधान की भावना के अनुरूप ही भारत एक प्रभुता सम्पन्न गणनात्मक , धर्मनिरपेक्ष , समाजवादी राज्य बना, जो आज तक भारत सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ संविधान का शासन है , जिला अध्यक्ष श्री शरण पाल ने भी इस मौके पर बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान हमें बिना किसी नस्ल भेद भाव के हमारे अधिकारों की रक्षा करता है । पूर्व जिला अध्यक्ष श्री आत्मा राम तरड़ ने कहा कि संविधान हममें न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुत्व की भावना पैदा करता है उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि ÷ ना पूछो जमाने से कि क्या हमारी कहानी है , हमारी पहचान तो बस एक हिन्दुस्तानी है÷ जिला महा मंत्री प्रदीप ने सभी को बधाई दी । इस अवसर पर जिला कार्यकारणी के श्री राजू छाबड़ा, चेष्टा सरदाना, जिला प्रवक्ता पवन शर्मा, आशुतोष गुप्ता, क्रांति चुग, शिव तेरपुरिया, सुमित नागपाल, सूरतगढ़ मंडल अध्यक्ष श्री महेश जी, गंगानगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिषेक दाधीच, रामसिंह शेखावत, सुशील वर्मा, विक्रम राठौड़, प्रवीण भटेजा, साधुराम भोमरिया , मांगी राज बायड, मनोज जोशी, कृष्ण रामगढ़िया, राजू चांवरिया एवं बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# श्रीराम न जाना तो क्या जाना: साध्वी गरिमा भारती

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अमर पैलेस,श्री गंगानगर में आयोजित श्रीरामकथा के प्रथम दिवस दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री गरिमा भारती जी ने प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान किया।साध्वी जी ने बताया कि श्री राम जी का जीवन चरित्र आज मानव समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है। प्रभु श्री राम की पावन कथा रूपी गंगा में जिस समय एक व्यक्ति आकर गोता लगाता है तो अपने बुरे कर्म संस्कारों की कालिमा से स्वयं को पवित्र बना लेता है। ईश्वर से ना जुड़े होने के कारण आज हमारे दृष्टि में भेद है। कोई भगवान श्रीराम को मानता है, तो कोई प्रभु श्री कृष्ण को मानता है तो कोई शिव भगवान को मानने का दावा करता है,लेकिन परमात्मा केवल मानने का विषय नहीं जानने का विषय है।वास्तव में ज्ञान नेत्र के अभाव के कारण हम इन सब समस्त शक्तियों को अलग अलग मानकर उनकी पूजा करते हैं। यह तत्व स्वरूप से एक ही है। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी आज वह दिव्य दृष्टि प्रदान कर उस एक शक्ति के साथ जोड़ रहे हैं। जिसके साथ जोड़कर मानव की भेद बुद्धि का नाश हो जाता है। निराकार साकार स्वरूप के पीछे छिपे तत्व स्वरूप को जानकर मानव की भक्ति सार्थक हो पाती है कथा के शुभारम्भ में राजकुमार जोग और अनिल जोग ने विधिवत पूजन कर दीप प्रज्वलित किया जिसमें भाजपा उपाध्यक्ष रतन गणेश गाड़िया और डॉ राम कृष्ण थरेजा (थरेजा हॉस्पिटल) शामिल रहे।

# सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति ने 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया

- जिला प्रशासन ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए संस्थापक सदस्य भामाशाह अशोक बंसल को किया सम्मानित
- विद्यार्थियों को जर्सियां तथा स्टेशनरी वितरित करने पर राउमावि टेलेवाला ने किया समिति पदाधिकारियों का सम्मान

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर द्वारा राष्ट्रीय पर्व 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुखाडि?ा पार्क स्थित समिति कार्यालय में 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में समिति सचिव हरपाल सिंह सिद्धू द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस कार्यक्रम में चंद्रमोहन छाबड़ा, प्रवीण गक्खड़, अश्विनी कुमार, अर्जुन वधवा, सुरेश बत्तरा आदि वक्ताओं ने देशभक्ति गीतों एवं कविता से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति अध्यक्ष अर्जुनदेव वधवा ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा भारतीय संविधान को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान बताया। कार्यक्रम के अंत में सचिव हरपाल सिंह सिद्धू ने सफल आयोजन के लिए सबका आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष केके गांधी द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। तत्पश्चात् समिति पदाधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में समिति के संस्थापक सदस्य भामाशाह अशोक कुमार बंसल को विधायक गुरवीर बराड़, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू तथा पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, टेलेवाला में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां तथा कुक-कम-हेल्पर्स को शॉल भेंट करने पर सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर के पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति द्वारा विद्यार्थियों को स्टेशनरी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं तथा सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति, श्रीगंगानगर पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



# नई जिन्दगी नशामुक्ति केन्द्र में मनाया गणतंत्र दिवस



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** 76वां गणतंत्र दिवस नई जिन्दगी नशामुक्ति एवं पुनर्वास संस्थान में बहुत ही उत्साह और देशभक्ति के वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के निदेशक अनिल वधवा एवं डॉ. प्रेम गोयल द्वारा ध्वजारोहण कर की गई। राष्ट्गान के साथ उपस्थित सभी ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर संस्थान में नशा छो? रहे सदस्यों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कविता गीत एवं नाटक् के माध्यम से उन्होंने देशभक्ति के साथ-साथ नशामुक्ति का भी संदेश दिया और गणतंत्र दिवस के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण के साथ 'भारत माता की जय' 'जय हिन्द' के जयकारों के साथ हुआ

# गंगनहर में सिंचाई पानी का संकट मंडराया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गंगनहर में सिंचाई पानी पर मंडरा रहे संभावित संकट का समाधान करने की मांग को लेकर सिंह सभा गुरुद्वारा में किसान नेता सुभाष सहगल की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक उपरांत आक्रोशित किसानों ने जिला कलेक्टर के ऑफिस के सामने धरना लगाकर जमकर नारेबाजी की ।जिला कलेक्टर अनुपस्थिति में एडीएम (प्रशासन)से वार्ता की। किसान नेताओं ने दो दिन में सिंचाई सुविधा बहाल करने की मांग की है ।वहीं आगामी सोमवार को पुन: श्रीगंगानगर स्थित गुरुद्वारा सिंहसभा ने किसानों से पहुंचने का आह्वान किया है ।किसानों ने आरोप लगाया कि पूरे वर्षभर गंगनहर में शेयर अनुसार पूरा सिंचाई पानी उपलब्ध कराने में सिंचाई विभाग व राजस्थान की सरकार नकारा साबित हुई है ।किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल ने कहा कि पंजाब में हरिके हैड वर्क्स पर रोजाना पानी घट रहा है। जनवरी के प्रथम सप्ताह में 18 हज़ार क्यूसेक पानी मिल रहा था। वह घटकर 10 हजार के करीब रह गया। इसमें बड़ा हिस्सा राजस्थान कैनाल के लिए रिजर्व है जबकि गंगनहर को 1600 क्यूसेक मिलेगा। इससे साफ है कि 45 आरडी पर पानी की मात्रा घट रही है। सहगल ने कहा कि 45 आरडी से खखां हेड के बीच पानी का लोसेज 100 क्यूसेक से अधिक नहीं होना चाहिए जबकि 500 क्यूसेक से अधिक लोसेज हो रहा है। सिंचाई विभाग इस लोसेज के कारणों का पता लगाने में सक्षम नहीं है। किसान आर्मी के संयोजक मनिंद्रसिंह मान ने कहा कि गंगनहर के सिंचित क्षेत्र के किसानों को जानबूझकर आंदोलन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने 7 जनवरी को किसान प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर आश्वस्त किया था कि जनवरी माह में खखां हैड पर 1800 क्यूसेक निरंतर पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। निरंतर पानी में उतार चढ़ाव नहीं होने से रेगुलेशन सिस्टम काफी हद सुधार में आ रहा था लेकिन मौजूदा पानी की स्थिति से चल रही नहरों को प्रभावित करेगा। कॉमरेड गुरचरणसिंह मोड़, अमतेंद्रसिंह क्रांति व गुरलालसिंह बराड़ ने कहा कि किसान जब भी सिंचाई पानी को लेकर श्रीगंगानगर आते हैं ,सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता दफ्तर को छोड़ कर फील्ड में चले जाते है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

## हमारा देश गणतंत्र ऐसे नहीं हुआ है: समाजसेवी सुरेंद्र पाल

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** गणतंत्र की आजादी के 76 वे गणतंत्र दिवस डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेंद्र पाल एवं शंकर लाल मौजूद रहे इस कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा झंडा रोहण की रस्म अदा की गई छात्रावास के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र पाल ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा देश का संविधान ऐसे लागू नहीं हुआ है इसके लिए हमारे देश के वीर सेनानियों के द्वारा लंबे समय तक संघर्ष एवं इस देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने के लिए हमारे वीर सेनानी और वीरों के द्वारा अपने प्राण न्यौछावर कर दिए इस अवसर पर शंकरलाल ने बच्चों को एक जुटता के साथ रहने एवं अपने सहपाठियों का सहयोग करने की बात कही इस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक एवं स्टाफ मौजूद रहा।



# श्रीसूरतेशवर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के प्रोग्राम की चर्चा


जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शिवभक्त मंडली सूरतगढ़ द्वारा रविवार शाम श्रीसूरतेशवर महादेव मंदिर में आगामी महाशिवरात्रि के प्रोग्राम की चर्चा हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से श्री सूरतेशवर महादेव मंदिर में मनाया जाएगा। संस्था के मेहुल शर्मा ने बताया की महाशिवरात्रि महोत्सव 3 दिवसीय रहेगा,जिसमें महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या 25 फरवरी (मंगलवार) को मंदिर से नगर फेरी यात्रा निकाली जाएगी जो की शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में विराजित होगी, 26 फरवरी (बुधवार) को महाशिवरात्रि के दिन बाबा भोलेनाथ की संध्या काल विशेष श्रृंगार आरती की जाएगीऔर रात्रि में भगवान भोलेनाथ का प्राचीन ढाब ग्राउंड में भव्य जागरण लगाया जाएगा, 27 फरवरी (गुरुवार) को भगवान भोलेनाथ का विशाल भंडारा मंडली द्वारा लगाया जाएगा जिसके साथ तीन दिवसीय प्रोग्राम का समापन होगा।

# श्री राम कथा पंडाल में जय श्री राम के साथ गूंजे भारत माता की जय के नारे

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमर पैलेस, श्री गंगा नगर में श्री राम कथा अमृत का आयोजन किया गया है। कथा से पार्थ बंसल और डॉ शैलेन्द्र ने परिवार सहित पूजन किया। कथा वाचन करते हुए श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री गरिमा भारती जी ने प्रभु श्री राम जन्म प्रसंग को भगवत प्रेमियों के आगे बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। महाराज दशरथ जो पुत्र की इच्छा लेकर जब अपने गुरुदेव वशिष्ठ के पास जाते हैं तो गुरुदेव वशिष्ठ उन्हें चार पुत्र रत्न की प्राप्ति का वरदान देते हैं। यज्ञ नारायण भगवान की कृपा से उनके घर में श्री हरि नारायण मां कौशल्या की गोद से जन्म ले करके आते हैं। यह बाहरी अयोध्या नगरी में प्रभु श्री राम जी का प्राकट्य हमें संकेत करता है कि हम अपने अंतर्गत में प्रभु श्री राम को प्रकट करें। वास्तव में यह हमारा जो शरीर है इसे ग्रंथों के अंदर अयोध्या कह कर के संबोधित किया। 8 चक्रों नवद्वारों से सुसज्जित यह मानव की देही जिसमे परमात्मा श्री राम ज्योति रूप में विद्यमान हैं। आवश्यकता है एक ऐसे सतगुरु की जिसके माध्यम से हम अपने अंतर्गत में उस प्रभु श्रीराम के ज्योति स्वरूप का साक्षात्कार कर पाए। श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग में सन्त समाज से बधाई गीत गाए और प्रभु प्रेमियों ने नाच गाकर अपनी खुशी को व्यक्त किया। साध्वी जी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हमें प्रेरणा देते हैं कि हम अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करें, जो नैतिक मूल्य मानव के व्यक्तित्व को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की मानिंद सुंदर बनाते हैं। लेकिन आज इस समाज का यह दुर्भाग्य है कि प्रभु श्री राम जी के भक्त होने के पर भी हम अपनी सुंदर संस्कृति व संस्कारों को न अपनाकर पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार अपनी जीवनशैली को अपनाते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज बच्चे माता-पिता का सम्मान नहीं करते , वृद्ध आश्रमों की संख्या निरंतर बढ़ती चली जा रही है। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी का कहना है कि मानव का जीवन एक वृक्ष की समान है जिसके ऊपर फल फूलों रुपी नैतिक मूल्य तभी रोपित हो सकते हैं, यदि उसे जड़ से सींचा जाए और केवल अध्यात्म ही वह जल है जिससे मानव के जीवन को सींचकर उसे संस्कारों से पोषित किया जा सकता है। कथा के साथ साध्वी बहनों द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में देशभगति के गीत गाए गए। युवा भाइयों द्वारा तिरंगा लहराकर नृत्य किया गया। श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहानी,लक्ष्मी दाबड़ा,ब्रिजेश शर्मा,किशन सिंगला,डॉ कुसुम जैन, लखबीर सिंह,राजकुमार जोग, बबीता कस्वा,सोनू भाटी,दीपिका भाटी ने प्रभु की पावन आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।कथा के बाद सारी संगत के लिए चाय और प्रसाद की व्यवस्था की जाती है।



# बार एसोसिएशन में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

## बार एसोसिएशन अध्यक्ष जसवन्त सिंह भादू ने किया धवजारोहण

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** बार एसोसिएशन श्री गंगानगर में गणतंत्र दिवस बहुत ही धूमधाम से बनाया गया प्रेस सचिव सुमेश शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे । महिला अधिवक्ता की सहभागीता भी इस आयोजन मे रही। मंच पर वरिष्ठ अधिवक्ता ओम रावल, विजय सिंह बिश्नोई, सज्जन सिंह, रणवीर सिंह की उपस्थित मे यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। सचिव अशोक कुमार सैनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वाधीनता दिवस की महत्वता पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष विनोद सिवर द्वारा आयोजन मे सहभागीता पर समस्त उपस्थित जनो का आभार व्यक्त किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट जसवन्त सिंह भादू द्वारा अपने संबोधन मे देश की अखंडता व भाईचारे को बनाये रखने हेतु देश हित सर्वोपरी रखने की बात कही। उन्होंने बार एसोसिएशन को गंगानगर अधिवक्ताओं का एक परिवार बताया। कार्यक्रम मे अधिवक्ता रणजीत सारड़ीवाल ने देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। उनकी पुत्री आरती सारड़ीवाल के देशभक्ति गीत ने खूब वाह वही बटोरी। वरिष्ठ अधिवक्ता मदन सिडाना व अधिवक्ता विक्रम पूनिया की पुत्री व अनेको अधिवक्ताओं ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम मे पूर्व अध्यक्ष सीता राम विश्नोई,पूर्ण अध्यक्ष विजय रेवाड़, भावना पारिक, डॉ पवन पारिक, हिमांशु गुप्ता व अनेको सदस्य उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन द्वारा सभी उपस्थितजनो को मिठाई बांटी गई।



# रक्तदान शिविर आयोजित

**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** गणतंत्र दिवस पर सिटीजन चेंबर में अग्रवाल समाज समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद प्रवीण भाटिया, सिटीजन चेंबर के प्रांतपाल चिरंजी लाल चौधरी, अध्यक्ष राजेश चड्ढा, अग्रवाल समाज सेवा समिति के संरक्षक डॉक्टर के एल बंसल, सचिव सुनील अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हनुमान गुप्ता, सुशील सरावगी ने दीपक प्रज्वलित करके विधिवत उद्घाटन किया। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में तपोवन ब्लड बैंक श्रीगंगानगर की मोबाइल टीम ने 102 यूनिट रक्त संग्रहण किया। रक्तदाता सुमित मोदी श्रीमती मोनिका मोदी ने जोड़े से रक्तदान करके शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में अमर अग्रवाल, राकेश मित्तल, शिव शंकर सोमानी, इंजीनियर रमेश चंद्र माथुर, प्रशांत सामंत, रमेश कुमार, लालचंद सहारण, महेंद्र गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, जाट क्लब के अध्यक्ष विनोद भांभू , हर्ष गोयल अनिल यादव ने रक्तदान करने के साथ सेवाएं दी।



# लायंस सैंटर ने तपोवन नशामुक्ति संस्थान में मनाया गणतंत्र दिवस

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई प्रथम) के लायंस क्लब श्रीगंगानगर सैंटर ने तपोवन नशामुक्ति केंद्र में मनाया गणतंत्र दिवस मनाया। सचिव सचिन कुक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष श्याम सुंदर गोस्वामी ने ध्वजारोहण से की। राष्ट्गान के बाद गायक गुरमुख ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। प्रोजेक्ट चेयरमैन सुनील सचदेवा के अनुसार इस अवसर पर वरिष्ठ लॉयन भगवान दास का जन्म दिवस भी केक काट कर मनाया गया। तपोवन नशामुक्ति संस्थान के सचिव संदीप कटारिया के अनुसार उपाध्यक्ष मनोज चितलांगिया, लायंस के रीजन चेयरमैन एमजेएफ नरेंद्र भटेजा, जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, जोन चेयरमैन एमजेएफ पंकज गर्ग, पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ दीपक वाटस व कमल चराया, कोषाध्यक्ष अनिल पहूजा, भगवानदास होर?, योगेंद्र चलाना, प्रदीप, तपोवन कार्यकारणी सदस्य श्रृंखला शर्मा, पवन अग्रवाल, कृष्ण कुमार गहलोत्रा, सन्नी सोलंकी, रामेश्वर स्वामी, दिनेश शर्मा, संस्था मैनेजर सुरेंद्र कुमार दत्ता, मुकेश, मन्नू भुल्लर, अनिल, नवीन, हिमांशु सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। श्रृंखला शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन दिनेश शर्मा ने किया। तपोवन द्वारा जल पान की व्यवस्था की गई।



# शिक्षा विभागा में वधता बने प्रशासनिक अधिकारी

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** शिक्षा विभाग में विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के अंतर्गत शुक्रवार को निर्देशक आशीष मोदी ने आदेश जारी किये। आदेश के तहत सीबीईओ पदमपुर कार्यालय में पदस्थापित देशराज वधता, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है । इन्हे वर्तमान पद पर यथावत कार्य करते हुए कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए जाने पर कार्यालय सीबीईओ पदमपुर में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी स्टाफ रिश्तेदारों एवं मित्र गणों के द्वारा बधाइयां प्रेषित की जा रही हैं।



## अपेक्स सूरतगढ़ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ महिला चिकित्सक की सेवाएं शुरू

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** अपेक्स सूरतगढ़ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ महिला चिकित्सक की सेवाएं शुरू की गई। डॉ0 ज्योति वमा, एमबीबीएस, एमएस ने एपेक्स सूरतगढ़ मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, सूरतगढ़ में अपनी नियमित सेवाएँ प्रारम्भ कर दी है। अस्पताल के निदेशक व वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ0 विजय प्रकाश बेनीवाल, निदेशक वरिष्ठ जनरल फिजीशियन डॉ0 संजय बजाज, प्रबन्ध निदेशक डॉ0 अरविन्द बंसल, डायरेक्टर श्रीमती निम्मी छाबड़ा, को-डायरेक्टर श्रीमती रश्मी बजाज, श्रीमती डिंपल बेनीवाल, डॉ0 स्वर्णलता बंसल ने विधिवत पूजा अर्चना करके फिता काटकर स्त्री रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस, एमएस ज्योति वर्मा की ओपीडी0 चालू करवाकर उज्वल भविष्य के लिए कामना की गई। इस अवसर पर अस्पताल के जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ0 पीयूष बंसल, महिला फिजिशियन डा. आकांशा गुप्ता, न्यूरोसर्जन डॉ0 शोभित छाबडा, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. पुलकित छाबड़ा, अस्थि व जोड रोग विशेषज्ञ डॉ0 चन्द्रपाल गेदर, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. आरजू छाबडा, क्रिटिकल व सघन चिकित्सा इकाई विशेषज्ञ डॉ0 मनीराम व फिजियोथेरेपिस्ट डा0 पिंकी गेदर मौजूद रहे।

# सत्संग भवन में लंगर लगाया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री गुरु अर्जुन दास सत्संग भवन के संस्थापक एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरु अर्जुन दास जी द्वारा रविवार को सत्संग भवन में 626 वा लंगर लगाया गया। लंगर में केसर मलाई युक्त दूध व पनीर चने युक्त पुलाव किनु फल के प्रसाद का श्री रुद्र हनुमान जी को भोग लगाकर वितरण किया गया। साथ ही श्री गुरू अर्जुन दास जी द्वारा 5 पांच असहाय परिवार को गद्दा, तकिया, डबल रजाई व राशन किट भेंट की गई। समिति द्वारा सेवाएं श्री गुरु अर्जुन दास, हुकुम देवी, संगठन मंत्री सतपाल कोर, अनुज मल्होत्रा, पंडित नरेश शर्मा, आशा रानी, सुभाष छाबड़ा, राजेश अंगी, एम डी सतीश, राजरानी, दिया, खुशी, निशा, सविता मीकीं नवनीत मलोट, साहिल, देवेंद्र, संजू, जगतार सिंह, सिद्धू, पूनम,महेंद्र भटेजा व अन्य सदस्यों द्वारा दी गई। सभी ने तन मन से सेवा दी। श्री गुरु अर्जुन दास जी महाराज द्वारा 76 वे गणतंत्र दिवस की सभी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी। श्री। गुरू अर्जुन दास जी द्वारा देश के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले के लिए 2 मिनट का मोन रखा नमन है बारम्बार ऐसे विर योद्धाओं को जो देश हित में समर्पित हो गये देशभक्ति पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज के दिन संविधान लागू हुआ जींस से जीने के कई अधिकार मिले÷ कुछ हमारे भी कर्तव्यों को निर्वाह करने की जुमेदारी भी है देश के विकास में योगदान देना और देश को सशक्त बनाना भी देशभयक्ति है।

# 1 एफएफबीए के विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** निकटवर्ती गांव एक एफएफबीए के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक खेमराज मीणा ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच अवतार सिंह मान, , पूर्व वार्ड पंच गुरतेज सिंह, जसप्रीत कौर वार्ड पंच मौजूद रहे वार्षिक उत्सव में आए हुए अतिथियों का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया वहीं कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच अवतार सिंह मान ने इस अवसर पर कहा कि बच्चे ही आने वाले देश का भविष्य है, उन्हें ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य विद्यालय स्टाफ के द्वारा बड़े ही बखूबी ढंग से किया जा रहा है बच्चे ही बड़े होकर आईपीएस ऑफिसर बनकर देश का नाम रोशन करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। मान ने कहा कि मुझे आज गर्व है कि मेरे पंचायत के विद्यालय स्टाफ एवं आंगनबाड़ी स्टाफ के द्वारा अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ की जा रही है समाजसेवी सुरेंद्र पाल ने इस अवसर पर गांव के अभिभावकों से आवाहन किया कि आप विद्यालय के प्रति सजग एवं जागरूक रहे ताकि समय-समय पर बच्चों के प्रगति व विद्यालय स्टाफ की जानकारी प्राप्त की जा सके विद्यालय के प्रधानाध्यापक खेमराज मीणा के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सभी का आभार व्यक्त किया गया आपको बता दें कि विद्यालय स्टाफ के द्वारा 6 कुर्सियां ,एक पंखा, पांच बेंच बच्चों के लिए दिए गए हैं वहीं विद्यालय स्टाफ एवं प्रधानाध्यापक खेमराज मीणा के द्वारा आए हुए अतिथियों, विद्यालय स्टाफ व आंगनबाड़ी स्टाफ को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया मंच संचालन समाजसेवी सुरेंद्रपाल के द्वारा किया गया।



# स्वतंत्रता के साथ-साथ शिक्षा की अलख जगाने वाले महान राष्ट्र भक्त पंजाब केसरी लाला लाजपत राय

## लाला लाजपत राय जयंती (28 जनवरी) पर विशेष

**देश** सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, जिस व्यक्ति में जातीय गौरव और आत्मसम्मान का विचार नहीं, वह नर पशु समान है, जैसे अनमोल वचन कहने वाले पंजाब की पवित्र भूमि पर जन्मे लाला लाजपत राय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी तथा महान राष्ट भक्त थे, जिनकी वाणी ओजस्वी थी तथा उनकी केसरी की भांति गर्जना से अंग्रेज अधिकारी कांप उठते थे। उनमें देशभक्ति का जज्बा तथा भारत माता को स्वतंत्रता दिलाने की इतनी प्रबल इच्छा थी कि उन्होंने वकालत पेशे को छोड?र खुद को देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वे एक श्रेष्ठ लेखक, उत्कृष्ट वक्ता, सेवाभावी शिक्षा शास्त्री, राजनीतिक नेता, महान चिंतक, विचारक एवं दार्शनिक थे। उन्हें पंजाब केसरी की उपाधि प्राप्त थी। वे पंजाब के नहीं, पूरे भारत के केसरी थे। वे देश की सामाजिक, शैक्षिक, राजनीतिक व पिछड़ेपन की स्थिति को उभारने व सुधारने में जीवनपर्यन्त लगे रहे। उन्होंने स्वतंत्रता के साथ-साथ शिक्षा जगत को भी जागृत किया। उन्होंने स्वामी दयानन्द के साथ मिलकर आर्य समाज की स्थापना तथा लाला हंसराज के साथ एंग्लो वैदिक विद्यालय एवं कॉलेज की स्थापना की। उन्होंने कहा था - 'स्वतंत्रता के लिए शिक्षा के ढांचे में परिवर्तन करना आवश्यक है।' वे कहते थे कि आर्य समाज मेरी माता है, वैदिक धर्म मेरा पिता है, मैंने देश सेवा का पाठ आर्य समाज से पढ़ा है। वकालत की डिग्री पास करने के बाद रोहतक व हिसार में वकालत की तथा हिसार में म्युनिसिपल बोर्ड के अध्यक्ष रहे। अपने अध्यक्ष काल में उन्होंने ऐसे सराहनीय कार्य किए, जिससे उनकी सेवायें लोग आज भी याद करते हैं। हिसार से वे लाहौर में वकालत के लिए गए, जहां उनके सामाजिक व राजनीतिक जीवन का विकास हुआ। लालाजी की अछूतों व पिछड़ी जाति के लोगों के प्रति सहानुभूति थी तथा उनका जीवन स्तर सुधारने में वे लगे रहे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल के नेता थे तथा बाल गंगाधर तिलक व विपिन चन्द्र पाल के साथ इस त्रिमूर्ति को 'लाल-बाल-पाल' के नाम से जाना जाता है। इस त्रिमूर्ति ने भारत की स्वतंत्रता की मांग की थी। बाद में समूचा देश इनके साथ हो गया। सन् 1905 के गोपालकृष्ण गोखले की अध्यक्षता में बनारस कांग्रेस अधिवेशन में उन्होंने गर्जना करते हुए कहा था 'आजादी हमारा अधिकार है, अंग्रेजों से भीख मांगने की वस्तु नहीं है।' उन्हें राष्ट्रवादी गतिविधियों के कारण 9 मई, 1907 को गिरफ्तार कर लिया गया। 1908 में वे इंग्लैंड गए, वहां भी ओजस्वी भाषणों से भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा किए जाने वाले दमन की पोल खोली। वे अमेरिका भी गए और वहां रहते हुए उन्होंने 'इण्डिया होम रूल लीग' की स्थापना की तथा अनेक ग्रंथों की रचना की। उन्होंने लाहौर में 'नेशनल कॉलेज' तथा 'तिलक स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स' की स्थापना की। ब्रिटिश सरकार ने लाहौर में 'विक्टोरिया' की मूर्ति स्थापित करने का जब निर्णय लिया तो लालाजी ने प्रबल विरोध किया, जिस पर उन्हें डेढ़ वर्ष की सजा हुई। इसके पश्चात् 9 नवम्बर, 1921 को उन्होंने 'लोक सेवा मण्डल' की स्थापना की। इन्होंने पंजाब नैशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कम्पनी की स्थापना भी की थी। लालाजी ने स्वदेशी वस्त्रों के प्रयोग व विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार की भावना बढ़ाई तथा वे हिन्दू धर्म महासभा से जुड़े रहे।



लालाजी का संकल्प व मिशन था कि ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांति मशाल को प्रज्वलित करके देश को आजाद करवाना। इसके लिए उन्होंने 'दि पिपुल यंग इण्डिया' अंग्रेजी में तथा 'वन्देमातरम्' उर्दू पत्रों का प्रकाशन किया। 'वन्देमातरम्' समाचार-पत्र में लालाजी ने क्रांतिकारी विचारों को जनता में फैलाया। वे इसमें लिखते थे 'मेरा मजहब हक परस्ती है, मेरी मिल्लत कौम परस्ती है, मेरी इबादत खलक परस्ती है, मेरी अदालत मेरा अंतःकरण है, मेरी जायदाद मेरी कलम है, मेरा मंदिर मेरा दिल है और मेरी उमंगें सदा जवान है।' सन् 1924 में उन्होंने 'अछुतोद्धार कमेटी' की स्थापना की तथा अछूतों में शिक्षा प्रचार के लिए पाठशालाऐं भी खोलीं। उन्होंने वैश्याओं में सुधार का कार्य किया एवं उनमें शिल्प व शिक्षा का प्रचार किया। उन्होंने देश में फैले अकाल पीड़तों, भूकम्प पीड़तों तथा देश में फैली महामारी में पीड़ित जनता की तन-मन-धन से सेवा की। लाला लाजपत राय के द्वारा प्रतिपादित स्त्री शिक्षा, पर्दा प्रथा उन्मूलन, विधवा विवाह, अनाथ उद्धार जैसी समाजसेवा अविस्मरणीय है। लालाजी ने हिन्दी में 'शिवाजी', 'श्रीकृष्ण', 'दयानन्द' और कई महापुरुषों की जीवनियां लिखी। उन्होंने देश में विशेषत~ पंजाब में हिन्दी प्रचार-प्रसार में बहुत योगदान दिया तथा हिन्दी लागू करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। लालाजी ने एक बार कहा था 'मेरे सामने यदि तराजू के पलड़े में दुनियाभर की दौलत रख दी जाए और दूसरे में हिन्दुस्तान की आजादी तो मेरे लिए तराजू का वही पलड़ा भारी होगा जिसमें मेरे देश की स्वतंत्रता रखी हो।' ब्रिटिश सरकार द्वारा 1928 में 'साईमन कमीशन' का आगमन हुआ तथा लाहौर में इस कमीशन के विरोध में बहुत बड़ा जुलूस निकाला गया, जिसका नेतृत्व लालाजी ने किया। इस जुलूस में लालाजी पर पुलिस घुड़सवारों द्वारा लाठीचार्ज किया गया। कई लाठियां लालाजी की छाती पर लगी, वे बुरी तरह घायल हो गये। उस समय लालाजी ने कहा था 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी।' लालाजी का इस घटना में आई चोटों की वजह से 17 नवम्बर, 1928 को देहांत हो गया। परन्तु उनके द्वारा स्वतंत्रता की जगाई गई अलख जिंदा रही, जिससे लालाजी के बलिदान के 20 वर्षों के भीतर ही ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्यास्त हो गया। लोग आज भी उस स्वतंत्रता सेनानी हिंद केसरी को बड़ी श्रद्धा से नमन करते हैं। लाला लाजपत राय के अनमोल वचन मानसिक दासता से अधिक हानिकारक कोई दासता नहीं। संसार में मातृ शक्ति सबसे पवित्र और सबसे महान है। मातृभूमि की सेवा करना हमारा धर्म है, जैसे प्रेरणादायी विचार आज भी देशवासियों का मार्गदर्शन करते हैं।

संकलनकर्ता :
**मनीराम सेतिया**
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
109-एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर
मो. नं. 98871-22040

# सिमरन, मन्नत और युक्ता ने लता मंगेशकर के गीतों से समां बांधा





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक शाम लता मंगेशकर के नाम में श्रीगंगानगर की गायिका युक्ता, फाजिल्का (पंजाब) की मन्नत ठकराल और टोहाना (हरियाणा) की सिमरन भाटिया ने भारतीय सिनेमा जगत के स्वर्णिम काल के मधुर गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। स्थानीय बाबा रामदेव मंदिर के सामने रोहित उद्योग परिसर में राष्ट्रीय कला मंदिर के चौधरी रामजस सहारण सदन (ऑडिटोरियम) में रविवार शाम आयोजित कार्यक्रम में तीनों गायिकाओं ने लता मंगेशकर के अनेक अत्यंत लोकप्रिय गीतों को बहुत ही सधे हुए अंदाज से निभाते हुए प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत लता मंगेशकर द्वारा गाए गए एक भजन से की गई। रविवार को गणतंत्र दिवस होने के उपलक्ष में मन्नत ठकराल ने लता मंगेशकर द्वारा गाये सुप्रसिद्ध गीत ए मेरे वतन के लोगो... पर उपस्थित लोगों ने खड़े होकर करतल ध्वनि से प्रशंसा की।इसके बाद तीनों गायिकाओं ने कांटों से खींच कर आंचल.... लग जा गले के ये हसीं रात..., यह समां समां है प्यार का...., मोरिया आछो बोल्यो ढलती रे शाम ने..., रंगीला रे तेरे प्यार में..., सोलह बरस की बाली उमर को सलाम.., चलते चलते यूं ही कोई मिल गया था...,परदेसिया यह सच है पिया... आदि गीतों की प्रस्तुतियां दीं। तबले पर रिदम गुरु सुनील मौर्य, ढोलक पर पंडित वासुदेव, की-बोर्ड पर पंकज पाहवा और ऑक्टोपैड पर कुलदीप अरोड़ा ने संगत की। सुनील मौर्य ने भी तबले पर स्वरनाद और शंख ध्वनि का अद्भुत प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अजय जग्गा और राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में समाजसेवी विजय गोयल, डॉ एसके टंडन, निर्मल जैन, एमपीसिंह, विजय भोला, विमल बिहाणी, विनोद बिहाणी, जगीरचंद फरमा, मूलचंद गेरा आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने गायिकाओं और संगतकारों की मुक्त कंठ प्रशंसा की। मंच संचालन करते हुए राकेश मंगा ने सभी कलाकारों अतिथियों और गीत संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।



# जन्म दिहाड़ा हर्षोल्लास के साथ मनाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शहीद बाबा दीप सिहं का 343 वां जन्म दिहाडा शहीद बाबा दीप सिहं गुरुवारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंध कमेटी के मुख्य सेवादार स. प्रीतम सिंह गिल ने बताया इस अवसर पर भाई जगसीर सिहं खालसा, गुरुद्वारा श्री देव बहादुर के प्रधान भाई शैलेन्द्र सिहं , हैडग्रन्थी बाबा बलवीर सिंह ब कथावाचक भाई प्रवीण सिहं ने गुरबाणी व शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया । अखंड पाठ की चल रही लड़ी का भोग डाला गया । 10 दिनों से चल रही प्रभातफेरी में भी शब्द गायन कर नगर की परिक्रमा की गयी। गुरुद्वारा में गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। लंगर सेवा सहित अन्य सेवाओं में स. जसवीर सिंह, स0 कुलवंत सिंह, सः त्रिलोक सिहं कलसी, स. मेजर सिंह कलसी, स. गुरदीप

## ये जीवन है चैरिटेबल ट्रस्ट जिला स्तर पर सम्मानित



**श्रीगंगानगर( जनमार्ग न्यूज )।** ये जीवन है चैरिटेबल ट्रस्ट श्रीगंगानगर के अध्यक्ष एडवोकेट संजीव सैनी (पूर्व पार्षद) और उनकी टीम के साथी एडवोकेट दिवाकर सोलंकी, अध्यापक विनोद सिंगल, एडवोकेट भुवनेश शर्मा, सिमरजीत सिंह को समाज के जरूरत मद बच्चों, वृद्धजनों , विधवा और परित्यकता महिलाओं को जरूरत की आवश्यक सामग्री,भोजन व्यवस्था, गणवेश और शिक्षा व्यवस्था में मदद करना, चिकित्सा सुविधा, विधिक सहायता प्रदान करना, भूखों को भोजन उपलब्ध करवाना, वृक्षारोपण करना, पंछियों के लिए भोजन पानी और परिंडॉ की व्यवस्था करने के लिए सम्मानित किया गया।

# बहुदिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



## उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

**श्रीगंगानगर।** विद्युत कॉलोनी स्थित नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। संस्थापक ओम बवेजा ने बताया कि 26 जनवरी को संस्था प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। बहुदिव्यांग बालिकाओं ने अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात् संस्थान के बधिरान्ध व बहुदिव्यांग बच्चों तथा सत्यभामा इंस्टीटयूट ऑफ स्पेशल एज्युकेशन के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतो व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा अदभुत समां बांधा। वहीं, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम मे जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल चेतना समिति पदाधिकारी व सदस्य, जगीर फरमा, रमेश अग्रवाल,चन्द्रशेखर- मुकुल माधव फाउंडेशन सदस्यों सहित संस्थान के नियमित दानदातागण, नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान स्टाफ सदस्य, बहुदिव्यांग बच्चे, अभिभावकगण एवं गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया तथा सभी ने जलपान ग्रहण किया।

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन नए बस स्टैंड परिसर में आयोजित

**सूरतगढ़।** गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन नए बस स्टैंड परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ ने ध्वजारोहण करके संबोधित करते हुए देश की एकता अखंडता और भाईचारे का संदेश देते हुए नशे के खिलाफ लोगों को जागृत करते हुए शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़, पुलिस उप अधीक्षक प्रतीक मील, सिटी थाना प्रभारी दिनेश सारण ने परेड का निरीक्षण किया। मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि संदीप कुमार काकड़, विधायक डूंगर राम गेदर, पुलिस उप अधीक्षक प्रतीक मील, सी आई दिनेश सारण,तहसीलदार कुलदीप कस्वा, सब रजिस्टार विनोद बिश्नोई, अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा, सीडीपीओ नवदीप कौर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेश रिणवा, पूर्व




पालिका अध्यक्ष परसराम भाटिया ने व्यायाम प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम नवोदय स्कूल के बैंड प्रदर्शन के दौरान पत्रकारिता, शैक्षणिक, सामाजिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी, बीकानेर के जिला पर्यटन अधिकारी पवन कुमार शर्मा, श्री सीमेंट के महाप्रबंधक मनोज पांडे, जिला लोकपाल अनिल धानुका, समाजसेवी सीताराम प्रजापत साहित्य शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान ट्रैफिक प्रभारी मूल सिंह शेखावत की देखरेख में शानदार यातायात व्यवस्था की गई, एस आई दिलीप जाखड़ की देखरेख में पुलिस ने समारोह स्थल पर व्यवस्था बनाने में विशेष सहयोग किया गया। उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय, उपखंड कार्यालय, उपकारागृह में ध्वजारोहण किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों द्वारा स्वागत

**संगरिया।** भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू का सोमवार को संगरिया पहुंचने पर दो दर्जन से अधिक स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की शुरुआत रतनपुरा कैंची से की गई। नगर मंडल अध्यक्ष चरणदास गर्ग, पूर्व अध्यक्ष श्याम मित्तल, विजय राठी, गुलाब सींवर, हरीश शर्मा, मनोज गुप्ता, संजय साहेवाल, रणजीत सिंह बराड़ सहित बड़ी संख्या में नगर व ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। रतनपुरा चौराहे से गांव के मनीष सारस्वत व सुभाष गोदारा के नेतृत्व में, बिश्नोई मंदिर में अध्यक्ष सूरजाराम डेलू के नेतृत्व में स्वागत किया।

# पीएम श्री राउमावि में 76वा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** पीएम श्री राउमावि रावतसर में उपखण्ड स्तरीय 76वा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया, इसके पश्चात मार्च पास्ट निरीक्षण किया और ध्वज सलामी दी गई। क्षेत्र की उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं,भामाशाह, समाजसेवी एवं पत्रकारिता में श्रेष्ठ कार्य करने वाले 55 जनों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को विजय हिंसारीया तथा मार्च पास्ट और व्यायाम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भामाशाह रायसिंह मील जिला सचिव व्यापार संघ हनुमानगढ़ के सहयोग द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पीलीबंगा धर्मेंद्र



मोची,नगरपालिका अध्यक्ष सोना देवी रेगर,सीबीईओ मुकेश कुमार सोनी, विकास अधिकारी दिनेश चंद्र, तहसीलदार पायल अग्रवाल, थाना प्रभारी रावतसर रामचन्द्र कंस्वा, प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़,गोतम बंसल पार्षद ,दलीप छिम्पा,गुरजीत बिगड़ पार्षद सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, भामाशाह, विद्यार्थियों, तथा शहरवासियों की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में ओपन जिम स्थापित करने की घोषणा की तथा पीलीबंगा विद्यायक विनोद गोठवाल द्वारा प्रार्थना सभा हेतु सैड निर्माण के लिए 10लाख की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया गया।

# इंटक ने मनाया 76 वां गणतंत्रता दिवस

## धर्मपाल झोरड़ अध्यक्ष शहर ब्लॉक और श्याम लाल पुनियानी देहात ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी बनने पर किया स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश कार्यालय में 76 वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व समारोहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के शहर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल झोरड़ और देहात ब्लॉक कांग्रेस पार्टी श्याम लाल पुनियानी व इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने झण्ड़ा रोहन किया गया व राष्ट गान गाया गया। ध्वजा रोहन के बाद इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर प्रदेश सचिव पवन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग मधु सोनी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा निर्वाचित हुए कांग्रेस पार्टी के शहर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल झोरड़ और देहात ब्लॉक कांग्रेस पार्टी श्याम लाल



पुनियानी का माला पहना कर स्वागत किया गया और नियुक्ति पर बधाई दी गई।द्ध प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा,प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर प्रदेश सचिव पवन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हम 75वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं यानि हम लोग अब गणतंत्र के रूप में 76वें वर्ष में प्रवेश कर गए हैं। आजादी के तीन वर्ष बाद हमें देश का संविधान मिला। संविधान के बिना कोई देश नहीं चल सकता । इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा,धर्मपाल झोरड़ अध्यक्ष शहर ब्लॉक, श्याम लाल पुनियानी देहात ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी,विक्रम उपाध्याय,मनोज शर्मा रामु भुजिया वाले,माणक शर्मा,प्रदेश महामंत्री नरेश कपूर,प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग मधु सोनी,बीकानेर जिला महामंत्री दिनेश कुमार ,प्रदेश सचिव पवन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान खान,फल सब्जी मंडी अध्यक्ष किशोरी पचेरवाल,महिला विंग इंटक प्रदेश महामंत्री महिला विंग किरपा शर्मा, शकुन्तला वर्मा जिला अध्यक्ष,शारदा बिश्नोई तहसील अध्यक्ष सादुल शहर,लक्ष्मी देवी,शांति देवी,विद्या देवी,लाजा देवी,सुमित्रा देवी,मोनिका देवी,प्रेमलता शर्मा, शालिनी जस्सा सिंह, गुरजीत कौर जिला सचिव महिला विंग,बलदेव सिंह अजय कुमार राव,रमेश कुमार ढाका,किशन राव,रमेश पेंटर,बजरंग लाल,विक्की,अशोक कुमार,राजू पेंटर,प्रेम कुमार,गुरदीप सिंह,इंद्र कुमार,राज कुमार राजू ,प्रेम कुमार, कुलदीप टेंपो वाला आदि बड़ी संख्या में इंटक पदा अधिकारी और कार्यकता आदि उपस्थित थे।

## सोनीपत में 12 लोगों से 50 लाख रुपए ठगे

जनमार्ग न्यूज

**सोनीपत।** हरियाणा के गुरुग्राम में रहने वाले एक शातिर ठग ने आर्म्स लाइसेंस, पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी और विदेश भेजने के नाम पर कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। सोनीपत के एक व्यक्ति से भी करीब 12 लाख रुपए ठगे गए हैं। पुलिस ने थाना सिविल लाइन में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। स्नढ्डक्र में 12 लोगों से करीब 50 लाख रुपए हड़पने के आरोप लगाए गए हैं। सोनीपत के गांव टांडा निवासी प्रहलाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मूल रूप से यमुनानगर के रहने वाले रोहित ने उन्हें केएमपी रोड झज्जर में पेट्रोल पंप की नौकरी का झांसा देकर 12 लाख रुपए ठग लिए। फिलहाल रोहित गुरुग्राम के के सेक्टर-37 सी में रहता है। उसकी अपने गांव के हरिश के माध्यम से उसके साथ बातचीत हुई थी। बाद में अच्छी दोस्ती हो गई थी।

# लोहारा के राउमावि परिसर में वार्षिक उत्सव समारोह एवं भामाशाह सम्मान कार्यक्रम

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर** निकटवर्ती ग्राम पंचायत लोहारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में वार्षिक उत्सव समारोह एवं भामाशाह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत पंजाबी राजस्थानी एवं हरियाणवी सहित गिद्दा प्रस्तुत कर वाह वाही बटोरी इस मनमोहक प्रस्तुति पर ग्रामीण और भामाशाहों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह वेलफेयर सोसायटी के सदस्यगणों द्वारा कक्षा 1से 12 तक की गत वर्ष में परीक्षा परिणाम में प्रथम ,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैग और अन्य विद्यार्थियों को पेन बांटकर बच्चों का होशला अफजाई किया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सीमा अरोड़ा एवं सरपंच बिमला देवी उपस्थित रही इस अवसर पर



अभिभावक गणमान्य नागरिक, भामाशाह सहित अन्य विद्यालयों का स्टाफ भी मौजूद रहा वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस वार्षिक उत्सव में मौजूद रही । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरचरण सिंह मोमी, रायसिंह व्याख्याता, गगनदीप कौर, भरतसिंह, शक्ति सिंह, स्वर्णजीत सिंह, प्रवीण कुमारी, बलविंद्र सिंह, जनक अरोड़ा, अनुराधा, जसवीर, राजेन्द्र प्रसाद, रविंद्र सिंह, मंगल मुकेश सेन, और देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहे छात्रों को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया ।

# राजियासर थाना क्षेत्र में 102 किलो अवैध पोस्त और 266 ग्राम अफीम समेत 5 तस्कर गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में पांच तस्करों को काबू करते हुए 102 किलो 600 ग्राम अवैध डोडा पोस्त और 266 ग्राम अफीम बरामद की है। तस्करों के तीन वाहन जब्त किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि पहले कार्यवाही में एक ट्रक में 266 ग्राम अफीम ले जाते हुए ओमप्रकाश (30) पुत्र हरिराम निवासी मुंडासर थाना श्री बालाजी,जिला नागौर और सांगसिंह (26) पुत्र रूघसिंह निवासी सुरजडा थाना गजनेर जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया गया। इन तस्करों को पकड़ने में सिपाही विनोद, चरणसिंह,राजपाल और कालूराम



की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि दूसरी कार्यवाही में एक इनोवा गाड़ी में सवार बूटासिंह (28) पुत्र अजीतसिंह निवासी भदौड जिला बरनाला(पंजाब)को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 102 किलो 600 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ।उन्होंने बताया कि बूटासिंह जिस इनोवा गाड़ी में पोस्त लेकर जा रहा था, उसे मारुति अल्टो कार में एस्कॉर्ट कर रहे मक्खनसिंह (43) पुत्र धीरासिंह निवासी तलवंडी रोड भदौड और सुखचैन सिंह उर्फ बेअंतसिंह (33) पुत्र दर्शनसिंह निवासी मोहल्ला ढींडसास भदौड जिला बरनाला (पंजाब) को भी गिरफ्तार किया गया है। तस्करों के तीनों वाहन जब्त कर लिए गए।इन तस्करों को पकड़ने में राजियासर थाना के सब इंस्पेक्टरज्ञओमप्रकाश तथा उनकी टीम में शामिल हवलदार सुखबीरसिंह, सिपाही नारायणसिंह,रामदयाल, प्रमोद,सुरेश और गजराज तथा जिला विशेष दल(डीएसटी) में एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, सिपाही पवन, अजयप्रतापसिंह, हबीब खान, प्रमोद और कालूराम की अहम भूमिका रही। डीएसटी के सिपाही पवन कुमार की सक्रियता के चलते यह तस्कर पकड़ में आए।

# अनूपगढ़ में 10 दिनों में शराब की तीन दुकानों में चोरी

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। अनूपगढ़ में 10 दिनों में शराब की तीन दुकानों में चोरी हो गई।चोरी करने वाले दुकानों के ताले तोड़ने के बाद शराब तथा नगदी के साथ सीसीटीवी कैमरों के रिकॉर्डिंग इंस्ट्रूमेंट(डीवीआर)को भी साथ ही ले जाते हैं। तीसरी घटना बीती रात अनूपगढ़ में बस अड्डा के समीप शराब की एक दुकान में हुई। इस दुकान के भी ताले तोड़कर चोर




शराब तथा नगदी के साथ डीवीआर ले गए।हासिल जानकारी के अनुसार शराब की दुकान के नजदीक एक होटल का संचालक आज सुबह जब होटल पर आया तो पास में ही शराब की दुकान के ताले टूटे हुए थे। उसने दुकान के सेल्समैन को सूचना दी।कुछ ही देर में सेल्समैन दुकान पर पहुंच गया। सूचना मिलने पर थाने से एएसआई लालचंद मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास अन्य दुकानों व प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया। इस बीच सेल्समैन ने बताया कि वह कल रात दुकान बंद कर जाते समय गले में लगभग 40 हजार रुपए बिक्री के छोड़ गया था जो कि गायब हैं। जानकारी के अनुसार दुकान से कुछ शराब भी नदारद है। अनूपगढ़ में बीते 10 दिनों में शराब की दुकान में चोरी होने की यह तीसरी घटना है। सबसे पहले प्रेम नगर में शराब की दुकान में चोरी हुई थी। फिर चक 22-ए में शराब की एक दुकान में चोरी हो गई। इन दोनों दुकानों से भी चोर नगदी व शराब के साथ ही सीसीटीवी कैमरों के रिकॉर्डिंग इंस्ट्रूमेंट को ले गए थे। पुलिस ने आशंका जताई है कि इन सभी वारदातों में एक ही गिरोह का हाथ है। अभी तक इस गिरोह का कोई सुराग नहीं लगा।

# मुरारी कॉलोनी में युवक ने फांसी लगाई

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। सदर थाना अंतर्गत चक 7-ई (छोटी) की मुरारी कॉलोनी में एक युवक पुनीत चांदोरा (25) ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।पुलिस के अनुसार अविवाहित पुनीत फर्नीचर का काम करता था् उसका पिता गोपीराम और मां रिश्तेदारी में लूणकरणसर गए हुए थे। गोपीराम ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। वह अपनी पत्नी सहित शाम करीब 7 बजे लूणकरणसर से वापस आए तो पुनीत कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस के अनुसार घटना के समय पुनीत का भाई कहीं गया हुआ था।सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही की। आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। अभी आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है।

# रिटायर्ड प्रिंसिपल किराए के मकान में मृत मिला

- रिद्धि सिद्धि कॉलोनी के सेक्टर नंबर 6 की घटना

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। एक आईटीआई कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल अपने किराए के मकान में मृत अवस्था में पाए गए हैं। सदर थाना पुलिस के मुताबिक कल सोमवार दोपहर को सूचना मिली कि हनुमानगढ़ मार्ग पर स्थित रिद्धि सिद्धि कॉलोनी प्रथम के सेक्टर नंबर 6 में रहने वाले एक बुजुर्ग सैंसकरण लोधा छींपा(60) के मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद है।बार-बार दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिल रहा। इस सूचना पर सदर थाना से मौके पर गए हवलदार बंतराम ने बताया कि जब वह उक्त जगह पर पहुंचा, तब तक अड़ोस पड़ोस के लोग दरवाजा तोड़ चुके थे। अंदर के कमरे में सैंसकरण लोधा औंधे मुंह मृत पड़े थे। मौके की कार्रवाई के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया। उन्होंने

# आवारा पशुओं के गले में बांधे रिफ्लेक्टर

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। महाराजा गंगा सिंह प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन की तरफ से आवारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर बेल्ट महाराजा जस्सा सिंह मार्ग, सद्भावना मार्ग, सहयोग मार्ग, हनुमान धाम मार्ग, पर पहनाई गई जिसमें महाराजा गंगा सिंह प्रॉपर्टी डीलर संगठन के अध्यक्ष परमजीत सिंह कोहली, प्रवीण तंवर, राधेश्याम, कृष्ण कुमार, अमित कुमार, रामदेव, गगन सलूजा, अमित अरोड़ा, हरीश राजदेव, प्रेम यादव, बाबू बंसल वह समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।



# अपहरण कर किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। चूनावढ पुलिस ने एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मलकीतसिंह ने बताया कि चक 35 जीजी निवासी सचिन पुत्र गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर को एक किशोरी का अपहरण हो जाने का मामला दर्ज हुआ था। किशोरी को कुछ दिनों बाद दस्तयाब कर लिया गया। सचिन भी कब मिल गया था,लेकिन किशोरी ने ना तो बयान दिए और ना ही अपना मेडिकल चेकअप करवाया। बाद में उसने बताया कि सचिन उसे बहला फुसलाकर ले गया था और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध भी बनाए।

# बीकानेर में 1 फरवरी से सेना भर्ती रैली का आयोजन

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र राजस्थान के तत्वाधान में सेना भर्ती कार्यालय द्वारा सेना भर्ती रैली का आयोजन स्वामी केशवानंद राजस्थान ऋषि विश्वविद्यालय स्टेडियम बीकानेर में 1 से 9 फरवरी 2025 तक अनूपगढ़, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू और श्रीगंगानगर जिलों के लिए किया जायेगा। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, ऑफिस असिस्टेंस/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वी पास और 10वी पास) श्रेणियों के लिये सामान्य प्रवेश परीक्षा 2024 में उपस्थित होने वाले 6000 से अधिक अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर कोल अप जारी किया गया है। शोर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसैट के माध्यम से ऑनलाइन जारी किए गए हैं। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र राजस्थान मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान और बीकानेर के नागरिक प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही भर्ती रैली, राजस्थान के प्रेरित युवाओं को देश की सेवा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र जयपुर ने इस बात पर जोर दिया है कि निष्पक्ष, पारदर्शी और पूरी तरह से स्वचालित चयन प्रक्रिया पूरी तरह से योग्यता के आधार पर चयन सुनिश्चित करती है और कदाचार को रोकती है। तदनुसार उम्मीदवारों को सलाह दी गयी है कि वह दलाली गतिविधियों का शिकार न बनें या फर्जी प्रवेश का सहारा न लें।

# यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम परवाह है। इसी के अन्तर्गत आज जिला पुलिस व रिलायंस जिओ के संयुक्त तत्वाधान में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने व आमजन को यातायात नियमों की पालना करने व यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात जागरुकता रैली का आयोजन किया गया ।रैली को रमेश माचरा पुलिस उपअधीक्षक यातायात, रघुवीर सिंह



बीका पुनि. प्रभारी यातायात शाखा द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात थाना से रवाना किया गया। रैली में गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज, बल्लूराम गोदारा गर्ल्स कॉलेज, मटका चौक स्कूल, एन.सी.सी. केडेट्स, स्काउट गाईड, एन.एस.एस. केडेट्स के करीब 300-350 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। यातायात रैली यातायात थाने से रवाना होकर दयानन्द मार्ग, गोल बाजार मुख्य मार्गो से होते हुये कोतवाली रोड़, गंगासिंह चौक, पुरानी आबादी थाने के सामने से कोड़ा चौक से होते हुए यातायात थाने मे समापन हुआ। रैली में आमजन को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य व वाहन चलाते समय सीटबैल्ट का इस्तेमाल करने, हेलमेट लगाकर मोटरसाईकिल चलाने, यातायात नियमों की पालना करने का संदेश दिया गया।

# रोड रोलर की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। सादुलशहर थाना क्षेत्र में तख्तहजारा गांव के पास रोड रोलर की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवती की मृत्यु हो गई। उसका भाई बाल-बाल बच गया।पुलिस के अनुसार कल सोमवार शाम को मंजू रानी (26) अपने भाई कर्मप्रीतसिंह निवासी पट्टी सद्दीक,अबोहर जिला फाजिल्का (पंजाब)के साथ मोटरसाइकिल पर खेरूवाला से अपने पीहर पट्टी सद्दीक जा रही थी। गांव तख्तहजारा के पास पीछे से आए रोड रोलर ने मोटरसाइकिल मे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मंजू सड़क पर गिर गई और वह रोड रोलर की चपेट में आने से वही मौके पर ही दम तोड़ गई।

# उपतहसीलदार ने समेजा में औषधालय, आंगनबाड़ी, बालका स्कूल का किया निरीक्षण



जनमार्ग न्यूज।

**समेजा कोठी**। उपतहसीलदार सलिंद्र कुमार ने राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय समेजा, आंगनबाड़ी केंद्र समेजा, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय समेजा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बालिका स्कूल में बन रहे पोषाहार की गुणवता को चखकर देखा। मौके पर मिड डे मील प्रभारी सुनीता भांभू उपस्थित रही। नायब तहसीलदार को स्कूल में सभी व्यवस्था सही मिली।वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के स्टाफ ने बच्चों के लिए पेयजल व्यवस्था करवाने के लिए उपतहसीलदार से कहा, जिस पर जल्द पानी कनेक्शन करने का भरोसा स्टाफ को दिया। निरीक्षण के दौरान एओके राजेश प्रजापत साथ रहे।

JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

# खेत बनी पानी की डिग्गी में डूब गया कुलदीप

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर**। हनुमानगढ़ जिले के संगरिया थाना क्षेत्र के गांव हरिपुरा के एक खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूबने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय कुलदीप कल सोमवार को गांव के नजदीक अनिल जाट के खेत में डिग्गी से पानी लेने के लिए गया था। पानी निकालते समय पैर फिसलने से वह डिग्गी में ही गिर गया और डूबने से मृत्यु हो गई। पता चलने पर गांव के लोग भाग कर आए।उन्होंने कुलदीप को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता कालूराम द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई। पोस्टमार्टम होने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

# गुरु वाणी का आदर करना सीखो: स्वामी राजेंद्रानन्द

- बिश्नोई मंदिर बुड्ढा जोहड में आयोजित जाम्भाणी हरिकथा

जनमार्ग न्यूज।

**डाबला**। गुरू वाणी का आदर सीखो। यह संबोधन बिश्नोई मंदिर बुड्ढा जोहड में आयोजित जाम्भाणी हरिकथा के छठे दिन स्वामी राजेंद्रानन्द जी महाराज हरिद्वार वालों ने कहे। उन्होंने आगे श्रद्धालूओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू वाणी या जो भी ग्रन्थ है उसका सम्मान करेंगे। उन्होंने उदाहरण में कहा कि मैं किसी घर गया तो वाणी और भगवान के ग्रन्थ आले में रख रखे, आपसे निवदेन है कि ग्रंथों को साफ रखें। मनुष्य में किसी चीज की कमी को दूर करने के लिए संस्कार का होना जरूरी है। संस्कार के माध्यम से ही पता चलता है कि वह कौनसे धर्म या मजहब से हैं। जैसे



किसी संस्था के नियम होते हैं, उसी प्रकार मनुष्य में संस्कार जरूरी है। स्वामी सुखदेव मुन्नी जी ने संबोधित करते हुए कहा कि कथा सुनने के साथ साथ हर व्यक्ति को कम से कम एक बात जरूर अपने जीवन पर आज से ही लागू करनी चाहिए, तो ही कथा करने वाले को भी आनन्द की अनुभुती होती है। बिश्नोई मंदिर समिति के प्रधान अरविन्द सियाग ने बताया कि यह हरिकथा का समापन आज सुबह 9 बजे हवन के साथ समापन किया जाएगा और इसके साथ ही आज माघ अमावस्या का मेला भरेगा। इसके लिए नि:शुल्क बसों का भी संचालन किया जा रहा है। साथ में समिति द्वारा गौशाला, अमृतादेवी वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर व गुरू जम्भेश्वर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी संचालन किया जा रहा है। सचिव हरबंस और संदीप कड़वासरा ने बताया कि रेस्क्यू सेंटर में 90 से अधिक हिरण हैं, जो घायल हालत में संस्था के पास आए थे और अब सही सलामत है। जिन्हें देखने के लिए देशभर के श्रद्धालुओं की भीड लगी रहती है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरण पाल सिंह, पूर्व विधायक बलवीर लूथरा, अशोक नागपाल, मसीतां से रिटायर्ड जीएम नरेंद्र भादू आदि मौजूद थे। बिश्नोई सभा पदमपुर की और से स्वामी रामलाल जी महाराज की लगवाई गई मूर्ति की स्थापना आज स्वामी राजेंद्रानन्द जी महाराज हरिद्वार वालों के सानिध्य में की गई। बिश्नोई मंदिर समिति बुड्ढा जोहड़ के प्रधान अरविन्द सियाग ने बताया कि स्वामी रामलाल जी ने बिश्नोई मंदिर बुड्ढा जोहड़ में विशेष सहयोग रहा था। इस मौके पर पदमपुर मंदिर प्रधान ओमदत, उपप्रधान मुकेश, संजीव गोदारा आदि मौजूद थे। इसके बाद स्कूल में दानदाताओं द्वारा दिए गए कमरों पर दानदाताओं दानदाताओं की लगाई नेम प्लेट का लोकार्पण किया गया।

# पार्षद मनीष शर्मा 10वीं बार मंडल स्तर पर बीकानेर में हुए सम्मानित



जनमार्ग न्यूज।

**सादुलशहर**। भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता पार्षद मनीष शर्मा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीकानेर में 10वीं बार मंडल स्तर पर निगम के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक के एन व्यास, विपणन प्रबंधक सुभाष सांखला द्वारा सम्मानित किया गया। पार्षद मनीष शर्मा को लगातार शानदार व्यवसाय करने पर निगम द्वारा उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश उड़ीसा गोवा जम्मू कश्मीर गुजरात राजस्थान के जयपुर जोधपुर उदयपुर कोटा बीकानेर सालासर में अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। शर्मा की इस उपलब्धि पर गिरधारी लाल सरदारशहरिया सुखविंदर सिंह लालगढ़िया मूर्ति देवी कॉलेज बी एड अध्यक्ष नोहित गर्ग अरविंद मिड्डा अनुज सरदारशहरिया बृजमोहन शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल धींगडा किराना पूर्व अध्यक्ष विशाल सेतिया यूनियन के प्रधान अशोक सिंधी राजकुमार काकड़िया ने खुशी व्यक्ति की है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692